वर्ष 73 ▸ अंक 84 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 22 दिसंबर, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 02, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

> जो आप सच में करना चाहते हैं, उसे करने की कोशिश कभी मत छोड़िए। जहां प्रेम और प्रेरणा होती है, वहां मुझे नहीं लगता कि आप गलत राह पर जा सकते हैं।
> – एला फिट्जगेराल्ड

**ऑफ बीट**

## चीन में रोबोट करने लगे डांस, वीडियो वायरल



*चीन में तकनीक और कला के मेल का एक अनोखा नजारा देखने को मिला है। एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान मशहूर सिंगर वांग लेहोम के साथ ह्यूमनॉइड रोबोट्स ने मंच पर डांस परफॉर्मेंस दी। रोबोट्स ने पेशेवर डांसरों की तरह तालमेल और स्टेप्स दिखाए, जिससे दर्शक हैरान रह गए। इस परफॉर्मेंस का मकसद यह दिखाना था कि आधुनिक तकनीक किस तरह कलाकारों की कला को और आगे बढ़ा सकती है। मंच पर रोबोट्स और इंसानों की जुगलबंदी ने यह संदेश दिया कि भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स मनोरंजन की दुनिया में नई संभावनाएं खोल सकते हैं। इस कॉन्सर्ट में यूनिट्री जी1 मॉडल का ह्यूमनॉइड रोबोट इस्तेमाल किया गया। रोबोट ने ढीली पैंट और चमकदार शर्ट पहनकर सिंगर के साथ डांस किया। इसकी खासियत यह है कि यह हवा में 'फ्रंट फ्लिप' और 'बैक फ्लिप' जैसे जटिल मूव्स भी कर सकता है। कॉन्सर्ट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। लोग रोबोट्स की सटीक मूवमेंट और इंसानों जैसी बॉडी लैंग्वेज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद एलन मस्क ने भी इस डांस परफॉर्मेंस की सराहना करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की प्रस्तुतियां मनोरंजन उद्योग में एक नए दौर की शुरुआत हैं, जहां रोबोट्स न सिर्फ तकनीकी कामों तक सीमित रहेंगे, बल्कि मंच, संगीत और कला के क्षेत्र में भी इंसानों के साथ कदम से कदम मिलाकर नजर आएंगे।*

# रेल किराया बढ़ाः लंबी दूरी की यात्रा पर हर किमी 1-2 पैसे ज्यादा लगेंगे

**26 दिसंबर से लागू**

**अनुमानः किराया बढ़ोत्तरी से रेलवे को सालाना 600 करोड़ की अतिरिक्त आय होगी।**

**राहतः 215 किमी से कम दूरी और मंथली सीजन टिकट पर कोई किराया बढ़ोत्तरी नहीं।**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी की यात्राओं के लिए रेल किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की है। नया किराया 26 दिसंबर 2025 से लागू होगा। इसके तहत 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर पर 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। इस बढ़ोतरी के बाद भोपाल से दिल्ली का सफर करने वाले यात्रियों को करीब 16 रुपये ज्यादा देने होंगे।

रेलवे का अनुमान है कि इस फैसले से उसे सालाना करीब 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। हालांकि, 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मंथली सीजन टिकट (एमएसटी) धारकों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, 215 किलोमीटर से कम की दूरी पर किराया पहले जैसा ही रहेगा। इसके अलावा, उपनगरीय (सब-अर्बन) ट्रेनें और मंथली सीजन टिकट की कीमतें भी अपरिवर्तित रखी गई हैं। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे महानगरों में लोकल ट्रेनों से रोजाना सफर करने वाले यात्रियों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा।

**साल में दूसरी बार बढ़ोत्तरीः** यह इस साल किराये में दूसरी बढ़ोत्तरी है। इससे पहले 1 जुलाई 2025 को नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में 1 पैसा प्रति किमी और एसी क्लास में 2 पैसे प्रति किमी की बढ़ोतरी की गई थी। इससे पहले यात्री किराया 2020 में बढ़ाया गया था।



### किराया बढ़ाने की वजह

रेलवे मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, यह बढ़ोतरी परिचालन लागत (ऑपरेशनल कॉस्ट) में वृद्धि और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट परियोजनाओं को फंड करने के लिए जरूरी थी। रेलवे नई ट्रेनों के संचालन, सेवाओं के सुधार और स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर लगातार निवेश कर रहा है। अतिरिक्त आय का उपयोग इन्हीं कार्यों में किया जाएगा।

## ट्रेन में जनरल टिकट का प्रिंट जरूरी नहीं

भारतीय रेलवे ने जनरल यानी अनरिजर्व्ड टिकट को लेकर फैले भ्रम को साफ कर दिया है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यूटीएस (अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम) मोबाइल ऐप से बुक किए गए जनरल टिकट का प्रिंटआउट रखना जरूरी नहीं है। यात्री सफर के दौरान अपने मोबाइल में ऐप के 'शो टिकट' विकल्प से टिकट दिखा सकते हैं और यह पूरी तरह वैध माना जाएगा। रेलवे की यह सफाई एक वायरल वीडियो के बाद आई है, जिसमें एक टिकट चेकिंग स्टाफ यात्री से यूटीएस ऐप से बुक किए गए टिकट की प्रिंटेड कॉपी मांगता नजर आया था। इस वीडियो के बाद यात्रियों में यह भ्रम फैल गया था कि क्या मोबाइल टिकट का भी प्रिंट निकालकर रखना अनिवार्य हो गया है। हालांकि, जिन यात्रियों ने खिड़की या किसी अन्य माध्यम से टिकट लेकर उसका प्रिंट निकाला है, उन्हें यात्रा के दौरान वही फिजिकल टिकट साथ रखना होगा। रेलवे ने यह भी साफ किया कि टीटीई द्वारा डिजिटल टिकट का प्रिंट मांगना गलत है और ऐसा कोई नियम नहीं है। रेल मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यूटीएस ऐप के 'शो टिकट' सेक्शन में दिखाया गया डिजिटल टिकट ही यात्रा के लिए वैध प्रमाण है। यात्री उसी मोबाइल डिवाइस पर टिकट दिखा सकते हैं, जिससे बुकिंग की गई हो।

### वंदे भारत ट्रेनों में अब मिलेंगे क्षेत्रीय व्यंजन

इसी बीच, यात्रियों के सफर को और बेहतर बनाने के लिए रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में क्षेत्रीय (रीजनल) और पारंपरिक व्यंजन परोसने की पहल शुरू की है। रेल मंत्रालय के अनुसार, इसका उद्देश्य यात्रियों को उनके रूट के अनुसार स्थानीय स्वाद उपलब्ध कराना है। नई व्यवस्था के तहत पटना-रांची वंदे भारत में चंपारण पनीर, पटना-हावड़ा रूट पर चंपारण चिकन, गुजरात रूट पर मेथी थेपला और मसाला लौकी, केरल रूट पर अप्पम, केरल पराठा और पालाडा पायसम, पश्चिम बंगाल रूट पर कोशा पनीर और आलू पोतोल भाजा, दक्षिण भारत की ट्रेनों में दोंडाकाया करम पोडी फ्राई और आंध्र कोडी कूरा और ओडिशा रूट पर आलू फूलकोपी परोसी जाएगी।

## हुमायूं कबीर आज करेंगे नई पार्टी की घोषणा

**कोलकाता, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस से निलंबित नेता हुमायूं कबीर ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा ऐलान कर दिया है। हुमायूं ने कहा है कि वह नई पार्टी बनाकर राज्य की सभी 294 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और खुद को किंगमेकर की भूमिका में देख रहे हैं। हुमायूं कबीर सोमवार को मुर्शिदाबाद में अपनी नई राजनीतिक पार्टी का औपचारिक गठन करने जा रहे हैं। पार्टी के गठन से पहले ही उन्होंने साफ कर दिया है कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि फिलहाल उन्होंने अपनी पार्टी के नाम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन चुनाव आयोग में टेबल समेत तीन चुनाव चिन्हों के लिए आवेदन कर दिया है।

**वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह में राज्यपाल और सीएम रहे मौजूद**

# व्यक्ति नहीं, विचार और मिशन थे भारत रत्न अटल जीः उपराष्ट्रपति

**विशेष संवाददाता भोपाल।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि स्व अटल जी संवाद, समावेशी विकास और मानवीय सुशासन में विश्वास रखते थे। वे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और मिशन थे। उनके कर्म, आदर्श और सुशासन की दृष्टि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक प्रकाश हैं। उपराष्ट्रपति रविवार को इंदौर में आयोजित भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अटल जी की विरासत को आगे बढ़ा रहे है। जिससे देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है।

इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्व अटल जी की जन्म शताब्दी केवल पुण्य स्मरण का प्रसंग नहीं, बल्कि उनके विराट व्यक्तित्व, उच्च आदर्शों और दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरणा प्राप्त करने का पावन क्षण है। उन्हें अटल जी के सानिध्य में कार्य करने का अवसर मिला, जहां उनके महान आभामंडल में रहकर उन्हें करीब से देखने, समझने और उनसे प्रेरित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कुछ शब्दों में समेटना संभव नहीं है, वे एक विराट व्यक्तित्व और एक चलता-फिरता महाकाव्य थे। उनकी वाणी में ओज था, जो जनमानस में ऊर्जा और राष्ट्रभाव का संचार करती थी। उनका जीवन ऐसे ग्रंथ की भाँति था, जिसका प्रत्येक पृष्ठ नैतिकता, उत्कृष्टता और राष्ट्रधर्म की राह दिखाता है। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने गठबंधन राजनीति के दौर में भी संवाद, समन्वय और समानता के उच्च आदर्श प्रस्तुत किए, जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में मील का पत्थर हैं।



### अटल जी की राजनीतिक यात्रा लोकतंत्र की प्रेरक गाथाः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. अटलजी का जीवन विचारों की दृढ़ता, राष्ट्रधर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनका व्यक्तित्व ऐसा था जिसने हर काल और हर युग में भारतीय राजनीति को दिशा दी। उनकी राजनीतिक यात्रा भारतीय लोकतंत्र की प्रेरक गाथा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री रहते हुए देश को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने की अटल जी की दूरदृष्टि अद्वितीय रही है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की पवित्र भूमिका निभाई। 50 वर्ष तक इस भूमिका में रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल लागू करना लोकतंत्र का गला घोंटने वाली घटना थी। इस कठिन दौर में भी बगैर संकोच के साथ अटल जी ने लालकृष्ण आडवाणी के साथ अनेक मंचों यहां तक की अपनी कविताओं के माध्यम से दिए गए योगदान को यादगार बनाया। अटल जी के मन में सदैव पवित्रता का भाव रहता था। सरकार जाए तो चली जाए, लेकिन मूल्यों से वे कभी भी समझौता नहीं करते थे।

## बीएसएफ कांस्टेबल भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 50% आरक्षण

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कांस्टेबल भर्ती को लेकर केंद्र सरकार ने अहम फैसला लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है।

यह संशोधन बीएसएफ जनरल ड्यूटी कैडर भर्ती नियम में बदलाव कर लागू किया गया है। नोटिफिकेशन के अनुसार, पहले बैच के पूर्व अग्निवीरों को ऊपरी आयु सीमा में 5 साल तक की छूट मिलेगी। अन्य पूर्व अग्निवीरों को 3 साल की आयु छूट दी जाएगी। इसके अलावा, पूर्व अग्निवीरों को फिजिकल स्टैंडर्ड और फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट से भी छूट दी जाएगी। हर भर्ती वर्ष में 50 फीसदी पद पूर्व अग्निवीरों के लिए, 10 फीसदी पूर्व सैनिकों और 3 फीसदी पद कॉम्बैटाइज्ड कांस्टेबल के लिए आरक्षित रहेंगे।



# साहित्य सृजन

## इरादे नेक हैं



शोहरतें छोड़ रहीं हैं जिंदगी...
उल्फतों से मुलाक़ात हो रही हैं अब...
इरादें नेक हैं इसलिए
मुश्किलों से वारदात हो रही हैं अब...
वो एक सवाल है फिर उसका सामना होगा...
एक दिन मुझे खुद को पहचानना होगा...
अब शुरू हो चुका है ये मेहनती सफर अपना...
अब तो मुझे खुद को मेहनतों से आजमाना होगा.
देखेंगी ये नई नस्लें देखता ये जमाना होगा...
हौसलें बुलंद रखकर अपना हुनर बताना होगा..
और थकेंगी तुम्हारी आंखें बीच राहों में मगर...
मंजिलों तक पहुंच कर खुद का नाम कमाना होगा...

**वैभव मिश्रा , मऊगंज**

## शहीद के परिवार की पुकार



कहे गया हमको छोड़ के, ललना काहे गया
हमको छोड़ के,
अँचरा सून पड़ा मइया का, दीप बुझा हर कोर के।
लोरी रोई, नींद भी रूठी, सिसकी आई होठ से,
कहे गया हमको छोड़ के, ललना काहे गया
हमको छोड़ के।
बाबूजी अब चुप ही रहते, बात कोई वो न कहते,
आँगन में बैठी ख़ामोशी, दिन-रात यही वो गिनते।
कसम-क़रारे याद करें, छूटे सपने जोड़ के,
कहे गया कसम तोड़ के, बबुआ काहे गया हमको छोड़ के।
पत्नी बैठी द्वार पकड़ के, राह तेरी ही देखा है,
सिंदूर पूछे माथे से, किस दोष की ये रेखा है।
साज-श्रृंगार सब छूट गया, कंगन रोए तोड़ के,
कहे गया साजन छोड़ के, हमको काहे गया अकेले छोड़ के।
नन्ही बिटिया तस्वीरों से, पापा-पापा बोली जाए,
'मेला कब ले जाओगे?' पूछे, न उत्तर कोई पाए।
गुड़िया सोई गोद बिना, आँसू टपके आंख के,
कहे गए पापा छोड़ के, हमको काहे गए छोड़ के।
एक ही दीप जो घर जलाता, वही हवा में मिल गया,
रोटी, छाया, हँसी-खुशी का, हर सपना ही छिल गया।
अभिनय बोले मत रो मइया, मत रो बाबूजी, रो मत बिटिया,
वो मिट गया पर अमर हुआ, भारत माँ का आँचल ओढ़ के।।

**अभिनय शुक्ला, त्योंथर**

## यादें लौट आती हैं



यादें लौट आती हैं, अपने नहीं आते
समझते जब हम नहीं, तब वक्त समझाता है
ज़िम्मेदारी का एहसास, पिता की गैर-
मौजूदगी दिखलाता है
भाई का ना होना, अपंग-असहाय दर्शाता है
पिता का ना होना,सिर से छत के चले जाने
का संदेशा लाता है
जब मुझे ना समझे कोई फिर,
तो मुझे माँ का आँचल याद आता है
जो कोई बाँट ले अपना सब बिना स्वार्थ के,
तो बहन का अस्तित्व नज़र आता है
पर हर रिश्ते कहाँ उम्र भर ठहर पाते हैं,
कभी-कभी अपने भी बीच रास्ते में छोड़ जाते हैं।
यादें लौट आती हैं, अपने नहीं आते
समय तो चल देता है, पर साथी नहीं आते।

**यशिका सिंह 'भूमि', रीवा**

## कब तक याद करें



बीते हुए लम्हों को कब तक याद करें हम,
अश्कों को कैसे यूं ही बर्बाद करें हम।
ज़िंदगी को क्या ऐसे ही जीना है ,
हर वक्त महज आंसू ही पीना है।
भूल रहे हो जो मुझे इसे तुम्हारा अंदाज कहें हम
या इसे ही मोहब्बत का आगाज कहें हम।
हर तरह से जीना हमें भी आता है,
आंसुओं को यूं पीना हमें भी आता है।
मजबूरियों को कैसे अब आबाद करें हम ,
यूं ही बीते हुए पल को कब तक याद करें हम।

**प्रिंसू दुबे 'गौरी', रीवा**

## माताश्री



इस जन्म में न उतार पाऊं , इतना कर्जा है तुम्हारा।
मेरी इन आंखों में भगवान से, ऊपर दर्जा है तुम्हारा।
जो नींद तुमने मेरे लिए कई बार छोड़ी है
उस नींद का मोल करना
इन कागज़ी टुकड़ों के बस का थोड़ी है
इम्तिहान मेरा होता है सफ़लता ,
असफलता की चिंता तुमको सताती है
पेट मेरा है पर पेट भरने के लिए तू हड़बड़ाती है
जो आंखे कहीं न भरे वो तुम्हारे आंचल में आके भर जाती है
इन्हीं सारी अच्छाइयों से तू भगवान से भी महान बन जाती है!

**प्रबल अवस्थी 'राही', सरई सेंगर देवतालाब**

## बेवफ़ाई



मेरा दिल है , कोई आइना नहीं,हम जज़्बात छुपाये बैठे हैं ।
कभी झाँकों दिल की गहराइयों मेंहम कितने राज छुपाये बैठे हैं।।
तड़प उठता है मन बेचैनी से,जब दीदार नहीं होता उनका।
उन्हें फुर्सत नहीं गैरों से,हम मिलन की आस लगाए बैठे हैं।।
किसी को मिलता है हुस्न का,जाम जी भर के लिए ।
चाहत की एक बूंद के लिए, हम प्यास जगाए बैठे हैं।।
मुस्कुरा दे 'रुनझुन' तो , सारी खुशियां मिल जायें मुझे ।
खिलखिलाते हैं वो उनकी बात पर, और हम खुद को जलाये बैठे हैं ।।
उन्हें लगता है कि, हमे तकलीफ़ नहीं उनके रुसवाई का।
कोई जाके बताए उनको कि, हम कितने दर्द छुपाये बैठे हैं ।।

**शिवेन्द्र प्रखर मिश्रा, बोदाबाग रीवा**

## एसआईआर सर्वे



यसआई आर के फारम छाँटेन। घर घर माहीं ओही बाँटेन।
बागेंन गली - गली औ गाँव। हेरे मिला न कुछ के नाव।
बहुतेरेंन के तारा लटका। ओढ़काबा है कुछ के फटका।
मांगी फारम ठाड़ दुआरे। कूकुर भूँकै मूँड़ उँघारे।
निर्वाचन से पड़ा है डंडा। बची है फीडिंग बीसन गंड़ा
मैच नहीं भे झउअँन नाम। जात बिगाड़िस सलगा काम।
टिर्री रहे उइँ बनगे टिर्रा। कहथे इनहीं नोटिस किर्रा।
कागज लईल्या सरल है ढर्रा। नहीं त दर दर भटकी टिर्रा।
दाँत निपोरे बी यल ओ बागै। टिर्रा से व कागज माँगै।
आज नहीं उइँ काल्ह बोलामैं। बी यल ओ के उइँ मूँड़े आमैं।

**समरजीत वर्मा, सतना**

## नशा



मै आज तुम्हारे दर पर ये, संदेश सुनाने आया हूं,
न काम नशा का अच्छा है,इतना बतलाने आया हूं,
दुनिया में काम बहुत हैं जो, उनका हो नशा तो अच्छा है,
सेवा का भाव अगर जिसके ,मन में हो बसा तो अच्छा है,
गुटका सिगरेट दारू के नशा, का मैं त्याग कराने आया हूं,
न काम नशा का अच्छा।।
पढ़ने लिखने की उम्र अगर है तो पढ़लिख कर इंसान बनो,
जो हो तुम जिम्मेदार अगर, तो देश समाज का मान बनो,
फिर न मिलेगा ये तन तुमको, इतना समझाने आया हूं,
न काम नशा का अच्छा।।
चल आज यहां संकल्प करें, जो सबको एक संदेश बने,
सपना है विश्वगुरू का जो, वो सच मे अपना देश बने,
छोड़ व्यसन अपनाओ जीवन, ये राज बताने आया हूं,
न काम नशा का अच्छा।।

**आशीष खरे**
**रीवा**

# दो वर्ष बेमिसाल, रामनगर में भाजपा का विधानसभा सम्मेलन

## सांसद गणेश सिंह बोले प्रदेश ने बदली विकास की तस्वीर



**जागरण, सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार के सफ्लतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मैहर के रामनगर में दो वर्ष बेमिसाल एवं हर घर स्वदेशी घर.घर स्वदेशी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सांसद गणेश सिंह रहे जबकि अमरपाटन विधानसभा के लोकप्रिय विधायक प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जेष्ठ.श्रेष्ठ कार्यकर्ता मातृ शक्तियां मैहर जिले में प्रदेश कार्य समिति सदस्य जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल कार्यकारिणी नगर एवं जिला पंचायत सदस्य जनपद पंचायत सदस्य जिला व मंडल प्रभारी सरपंच.पार्षद बीएल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बीमा राज्य से विकासित मध्यप्रदेश तक हमारी सरकारों की उपलब्धि: सांसद :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सांसद गणेश सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होना सेवाए सुशासन और विकास की यात्रा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का प्रत्येक नागरिक गौरव और आत्मविश्वास महसूस कर रहा है। आज न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया यह स्वीकार कर चुकी है कि भारत एक गौरवशाली इतिहास और सशक्त भविष्य वाला राष्ट्र है। सांसद सिंह ने कहा कि वर्ष 2003 में जब प्रदेश में पहली बार भाजपा की सरकार बनीए उस समय मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था। तब प्रदेश का बजट मात्र 24 हजार करोड़ रुपये था लेकिन भाजपा सरकारों की दूरदर्शी नीतियों और सतत विकास कार्यों के परिणामस्वरूप आज वही बजट बढकर सवा चार लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश अंधेरे में डूबा रहता था लेकिन आज बिजली उत्पादन आवश्यकता से अधिक है। सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार से किसानों की भूमि सिंचित हो रही है जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है।

# विश्व ध्यान दिवस पर मैहर के थानों में हुये कार्यक्रम, एसपी हुए शामिल



**जागरण, सतना।** पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार दिनांक 21 दिसंबर को द्वितीय विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के समस्त पुलिस थानों एवं कार्यालयों में साप्ताहिक ध्यान कार्यक्रम के शुभारंभ का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में आज मैहर जिले के समस्त पुलिस थानों एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ऑनलाइन माध्यम से सामूहिक ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निर्धारित जूम लिंक के माध्यम से आयोजित हुआए जिसमें जिले के सभी थाने एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय जुड़े । कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ प्रातः 10 बजे हुआ जिसके पश्चात रिलैक्सेशन एवं ध्यान सत्र आयोजित किया गया। ध्यान सत्र का सीधा प्रसारण हार्टफुलनेस मुख्यालय कान्हा शांतिवनम् से किया गया जिसमें मध्यप्रदेश के समस्त पुलिस थाने एवं कार्यालय ऑनलाइन रूप से सहभागी बने। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर सूबेदार नृपेंद्र सिंह हार्टफुल नेस समन्वयक पार्थ शर्मा,पुलिस लाइन का बल पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ तथा जिले के समस्त थानों के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। ध्यान सत्र का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करनाए तनाव प्रबंधन एकाग्रता एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। यह साप्ताहिक ध्यान कार्यक्रम भविष्य में नियमित रूप से सभी थानों में आयोजित किया जाएगा।

# पूर्व सरपंच के निधन पर समाजसेवियों ने व्यक्त किया शोक

**सतना।** कोठी क्षेत्र के वरिष्ट समाजिक सुभचिंतक कंचनपुर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच समाजिक प्रतिभा के धनी स्व भाईलाल डोहर का निधन होने पर समाजिक जनो ने शक ब्यक्त करते हुए ईश्वर से कामना की ईश्वर अपनें श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान दे और परिजनों को इस असीम दुख को सहने की सहन शक्ति प्रदान करे। शोक ब्यक्त करने वालो में वरिष्टि समाजसेवी गण रामगोपाल डोहर जयपाल डोहर रामशिरोमणि डोहर,शिवप्रसाद डोहर रामस्वरूप डोहर राजेंद्र डोहर,पुष्पेंद्र डोहर,विवेक डोहर,राजन डोहर रोहित डोहर एव अन्य समाजसेवियों ने शोक ब्यक्त किया।

# विश्व ध्यान दिवस पर मैहर पुलिस की सराहनीय पहल

## अमरपाटन थाना प्रभारी ने आदिवासी बालक छात्रावास पहुंचकर बढ़ाया छात्रों का मनोबल



**जागरण, मैहर।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मैहर पुलिस द्वारा एक अनोखी और सराहनीय पहल की गई। अमरपाटन थाना क्षेत्र के पड़क्का स्थित सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास का भ्रमण थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते द्वारा किया गया।भ्रमण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाईए दिनचर्या एवं समस्याओं की जानकारी ली तथा उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित कियाएथाना प्रभारी ने छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए मोबाइल और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर वे बच्चों के लिए मिठाईए पेन और कॉपियां भी लेकर पहुंचेए जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।पुलिस के प्रति बच्चों में किसी भी प्रकार का भय न रहेए इसके उद्देश्य से थाना प्रभारी ने छात्रों के साथ बैठकर भोजन भी किया। इस मानवीय पहल से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा और पुलिसदृजन संवाद को मजबूती मिली।

# अग्रवाल महासभा की सामाजिक पहल, जरूरतमंदों को मिली राहत



**सतना।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा एवं महिला अग्रवाल महासभा जिला सतना द्वारा रविवार को कंबल वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल की मंशा के अनुरूप संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना महापौर योगेश ताम्रकार रहे। कार्यक्रम का आयोजन सतना जिला अस्पताल के सेवा संकल्प परिसर में किया गयाए जहां मरीजों को भोजन कराने के दौरान उपस्थित अग्रवाल समाज के पुरुषों एवं मातृशक्तियों द्वारा प्रत्येक मरीज के परिजनों को कंबल एवं फलों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य से जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिली। इसी अवसर पर मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा जिला सतना के जिला महामंत्री एवं विंध्य चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सतना के सह्योजित सदस्य संजय अग्रवाल आशीर्वाद की सुपुत्री कु संजना अग्रवाल को सेंट्रल गवर्नमेंट के मिनिस्ट्री ऑफसाइंस एंड टेक्नोलॉजी में ऑफिशियल लैंग्वेज ऑफिसर के पद पर नियुक्त होने पर पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। समाज के लिए यह क्षण गौरव का रहा।

# एकेएस में एमसीए विद्यार्थियों के लिए विशेषज्ञ संवाद सत्र आयोजित



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना में एमसीए विद्यार्थियों के लिए सतना स्मार्ट सिटी इन्क्युबेशन सेंटर के सहयोग से एक संवादात्मक विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ते हुए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में स्टार्टअप विशेषज्ञ संजना सिंह तथा सतना स्मार्ट सिटी के परियोजना प्रबंधक शांतनु सिंह परिहार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने सतना स्मार्ट सिटी इन्क्युबेशन सेंटर की भूमिका उसकी विभिन्न पहलें तथा एमसीए विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध प्रशिक्षण और प्रशिक्षण.कार्य इंटर्नशिप अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि इन अवसरों के माध्यम से विद्यार्थी उद्योग आधारित अनुभव प्राप्त कर अपने भविष्य को सशक्त बना सकते हैं। विशेषज्ञ सत्र के दौरान विद्यार्थियों को इन्क्युबेशन परिवेश के अंतर्गत उपलब्ध कौशल उन्नयन कार्यक्रमों एवं उद्यमिता आधारित पहलों से अवगत कराया गया। इसी क्रम में क्लिफ आई नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरण का परिचय भी कराया गया जो विद्यार्थियों की करियर तैयारी संवाद कौशल तथा समग्र व्यावसायिक विकास को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। इस संवादात्मक सत्र में एमसीए विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण.कार्य कौशल संवर्धन कार्यक्रमों तथा उभरती प्रौद्योगिकी से जुड़े उपकरणों को लेकर विशेष रुचि दिखाई। ऐसे शैक्षणिक उद्योग संवाद सत्र विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का आयोजन कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद सिंह के मार्गदर्शन में किया गयाए जिसे कंप्यूटर विज्ञान संकाय के डीन डॉ अखिलेश ए वाऊ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# विकासखण्ड मझगवां की ग्राम पंचायत बरौंधा में शिविर आज

**सतना।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान आयोजित किये जाने के दिशा-निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेशानुसार 22 से 24 दिसम्बर तक जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर आयोजित किये जायेंगे। 22 दिसम्बर को विकासखण्ड मझगवां की ग्राम पंचायत भवन बरौधा तथा 23 दिसम्बर को ग्राम पंचायत भवन पिपरी टोला में शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इसके बाद 24 दिसम्बर को विकासखण्ड मझगवां में जनपद पंचायत परिसर में जनपद स्तरीय शिविर लगाकर आमजनों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। इसी प्रकार 22 दिसम्बर को विकासखण्ड नागौद की ग्राम पंचायत जसो, 23 दिसम्बर को सिंहपुर तथा 24 दिसम्बर को जनपद पंचायत नागौद के परिसर में शिविर लगाया जायेगा। 22 दिसम्बर को विकासखण्ड रामपुर बघेलान की ग्राम पंचायत मतहा, 23 दिसम्बर को सज्जनपुर तथा 24 दिसम्बर को जनपद पंचायत रामपुर बघेलान के परिसर, 22 दिसम्बर को विकासखण्ड सोहावल की ग्राम पंचायत रैगांव, 23 दिसम्बर को रामस्थान तथा 24 दिसम्बर को जनपद पंचायत सोहावल में शिविर लगाया जायेगा। इसके बाद 22 दिसम्बर को विकासखण्ड उचेहरा की ग्राम पंचायत जिगनहट, 23 दिसम्बर को बांधी, मौहार तथा 24 दिसम्बर जनपद पंचायत उचेहरा के परिसर में शिविर लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। शिविरों के संचालन के लिए नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं।

# संगठन सशक्तिकरण को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**सतना।** 21 दिसंबर को वैश्य महासम्मेलन, सतना की एक आवश्यक बैठक अशोका पैलेसए रीवा रोड, सतना में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने की। बैठक में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता एवं जिला प्रभारी लखनलाल केशरवानी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। यह बैठक दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक संपन्न हुई जिसमें संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में नववर्ष 2026 के कैलेंडर वितरण कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। साथ ही संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आजीवन सदस्यता अभियान चलाने की कार्ययोजना पर भी सर्वसम्मति से सहमति बनी। इसके अतिरिक्त अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार.विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक का संचालन वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री सुरेश कुमार गुप्ता एडवोकेट द्वारा किया गया। आज की बैठक में प्रमुख रूप से राजीव गुप्ता, जय प्रताप गुप्ता, सागर गुप्ता,रामनरेश गुप्ता, विजय गुप्ता, अशोक अग्रवाल, दीप अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, सुजीत कुमार गुप्ता, रवीन्द्र श्रीवास्तव, अभिषेक जैन,महेंद्र जैन, कामता प्रसाद गुप्ता, सागर चौरसिया, मनीष अग्रवालए गणेश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विकास को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात



**जागरण, अमदरा ।** क्षेत्र के विकास को लेकर घुनवारा निवासी सुंदरलाल गुप्ता बल्लू एवं कंघी साहू ने भोपाल स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुँचकर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों प्रतिनिधियों ने घुनवारा क्षेत्र की वर्तमान परिस्थितियों और स्थानीय जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। और घुनवारा और आसपास के ग्रामीण अंचल में शिक्षाए रोजगार और सड़क सुविधाओं का अभाव आज भी मुख्य समस्या है। इन मांगों के पूरा होने से क्षेत्र में विकास की नई राह खुलेगी और युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यमंत्री ने जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल



**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रविवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दीन सहायक संस्था कोठी में आयोजित कम्बल वितरण समारोह में शामिल होकर जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सार्वजनिक सुलभ काम्पलेक्स का विधिवत भूमिपूजन भी किया। राज्यमंत्री ने कहा कि सेवा, संवेदना और जनकल्याण के ऐसे कार्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सुविधायें पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं, जनसेवा ही हमारा संकल्प है। इस अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खेल मैदान में हो रही खरीदी



**जागरण, उचेहरा।** शासन द्वारा खेलो को प्रोत्साहन देने प्रतिभावान खिलाड़ियों का हौसला आफ्जाई करने जहां एक तरफ उनको पुरुस्कृत करती है वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन शासन के मंसूबो पर सरेआम लगातार पानी फेर रहा है । क्या खिलाड़ी क्या किसान सब प्रशासन के इस निर्णय से खासे परेशान हो रहे। कृषि उपज उप मंडी की बात करें तो यहां भी कई वर्षों से खरीदी केंद्र दे देने से उप मंडी में बोली न हो पाने से किसान अपनी उपज बिचौलियों के हांथो औने पौने दामों में मजबूरी में बेच देता है प्रशासन के इस निर्णय पर भारतीय किसान यूनियन ने गहरा असन्तोश जताया है । आम जन मानस भले ही प्रशासन के इस निर्णय का खुलकर विरोध नही कर रहा लेकिन प्रशासन के इस निर्णय का अंदर ही अंदर विरोध के स्वर उठ राजनेताओं पर भी उठ रहे है नगर में एक ही स्टेडियम है जो रगला पंचायत में आता है और इसका रख रखाव नगर परिषद उंचेहरा करती है । खेल मैदान में खरीदी को लेकर खेल प्रमियों में भी गहरा असंतोष पनपता रहता है खिलाड़ियों ने प्रशासन से सवाल किया है क्या खरीदी के लिए खेल मैदान के अलावा और कोई जगह नहीं ।

**डी एम की जांच टीम का प्रतिवेदन कब :** उचेहरा स्थित स्टेडियम में एम एस पी में हो रही खरीदी के बीच बीते गुरुवार को औचक निरीक्षण करने पहुंचे नान की टीम के हाथ करीब 5.30 करोड़ की बेहिसाब धान हाथ लगने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार डीएम नान पंकज बोरसरे सहित कुछ अन्य अधिकारी उक्त सेंटर में औचक निरीक्षण करने देर शाम जब पहुंचे थे तब स्टेडियम में बजरंग महिला स्व.सहायता समूह बिहटा द्वारा धान का उपार्जन कार्य किया जा रहा हैए जहां भौतिक सत्यापन के दौरान पाया गया था कि वास्तविक खरीदी 42 हजार 984 क्विंटल के विरुद्ध करीब 22 हजार 411 क्विंटल बेहिसाब धान ऑफ्लाइन पाई गई है। 2369 रुपए प्रति क्विंटल की दर से इस धान की कीमत करीब 5 करोड़ 30 लाख से ज्यादा बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त करीब 1786 क्विंटल अमानक धान भी पाई गई हैए जिसे रिजेक्ट कर दिया गया है। मौके पर कोई महिला उपस्थित नहीं थी। विनायक सिंह उपस्थित थे जिनके द्वारा उपार्जन कार्य की देखरेख की जा रही है। प्रथम दृष्टया उक्त गड़बड़ी की आशंका पर जांच टीम द्वारा पंचनामा बनाया गया है। जब इस सम्बंध में डी ए एम नान से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया लेकिन घण्टी तो जाती रही फोन ही नही उठा बहरहाल कब तक मे नान अपना और क्या प्रतिवेदन देता है कहा नही जा सकता इस जांच को लेकर तरह तरह की चर्चाओ का बाजार इस ठंड में भी गर्म है ।


**वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो**
एफएसआईबी FSIB
भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था
निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

**राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक में उप प्रबंध निदेशक**

आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव/सेवा आवश्यकता और अन्य नियमों एवं शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत विज्ञापन देखें।

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" टैब के तहत उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या सीधे https://www.research.net/r/dmdnabard2025 पर जा करके आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि: 16 जनवरी, 2026 शाम 5:00 बजे तक**

नोट: शुद्धिपत्र सहित अतिरिक्त विवरण, यदि कोई हो, केवल ब्यूरो की वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाएंगे।

# सेम्पल लेने तक सीमित खाद्य सामग्रियों पर कार्रवाई

जागरण मनमानी

## कार्रवाई के नाम पर वसूली में जुटे खाद्य सुरक्षा अधिकारी

### बड़े कारोबारियों को दिया जा रहा पूर्ण संरक्षण



जागरण, सीधी

जिले में मिलावटी खाद्य सामग्रियों की बिक्री बेरोंकटोंक चल रही है। मुनाफाखोर व्यवसाइयों द्वारा मांग बढ़ते ही मिलावटखोरी को बढ़ा देते हैं। कार्रवाई के नाम पर जिला स्वास्थ्य विभाग के अधीन काम करने वाले खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा महज दुकानों में अवैध वसूली की जा रही है। आंकड़ों की खानापूर्ति के लिये कुछ दुकानों से मिलावटी खाद्य सामग्रियों के सेम्पल भी लिये जाते हैं लेकिन बाद में कितने पर कार्रवाई होती है इसकी जानकारी कभी सार्वजनिक नही की जाती। लिहाजा मिलावटखोरी में लगे व्यवसायी बेखौफ होकर ग्राहकों से भारी भरकम कीमत वसूलने के बाद भी उन्हें शुद्ध खाद्य सामग्री देने के बजाय मिलावटी पकड़ा रहे हैं। मिलावट शब्द अपने आप मे ही विनाशकारी है मगर जब वह मिलावट व्यक्ति के शरीर के अंदर पहुंच जाएगी तो उसके क्या परिणाम इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। वर्तमान में जिले भर में अत्यधिक मुनाफा कमाने की लालच में दुकानदार और बड़े व्यापारी खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल खेलते है। जानकारों के अनुसार किराना दुकानों में आटा, दाल, चावल, सरसो तेल, वनस्पति घी, मसाला, नमकीन, खाद्य तेल सहित खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी का धन्धा तेजी के साथ फल-फूल रहा है। जिम्मेदार अधिकारी मुनाफाखोरों पर लगाम लगाने के नाम पर सिर्फ दुकानों से खाद्य पदार्थों के सेम्पल ले लेते है और फिर उन सैम्पलों की जांच का क्या होता है इसका किसी को भी पता नहीं होता है। मिलावट के आतंक से गरीब अमीर बुजुर्ग सभी आतंकित है। हर तरफ मिलावट ही मिलावट देखने को मिल रहा है। दूध में पानी और शुद्ध देसी घी में वनस्पति की मिलावट की बात सुनी जाती थी मगर अब सभी खाद्य वस्तुओं में मिलावट देखने और सुनने को मिल रहा है। मिलावट खोरी के चलते खाद्य सामग्री खाने से लोगो के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मिलावट करने वाले दुकानदार कानून की पहुच से काफी दूर है। तहसील मुख्यालयों के आसपास व ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ो किराने की दुकाने बिना लाइसेंस के संचालित की जा रही है। शासन के आदेशो को दर किनार करते हुए खाद्य सामग्री के विक्रेता ऊंचे दामो में बेचकर गरीब जनता की जेब काट कर दुकानदार मालामाल हो रहे है, जबकि मिलावट करने को एक गम्भीर अपराध माना गया है। मिलावट साबित होने पर अपराधी को आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। फिर भी मिलावटखोरी में लिप्त मुनाफाखोर व्यवसाइयों को सजा दिलाने में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह बने हुये हैं।

### डिब्बों से गायब रहती है पैकिंग की डेट

नियमन बाजार में बिकने वाली मिठाई के पैक डिब्बों पर बनाने की तारीख, एक्सपायरी डेट, वजन, रजिस्ट्रेशन नंबर, कीमत आदि लिखा होना चाहिए, लेकिन होटल व्यवसायी इस तरह के किसी भी नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। जिससे ग्राहक जहां सरेआम ठगे जा रहे हैं। वहीं अमानक मिठाईयां खाकर सेहत भी बिगाड़ रहे हैं। इस संबंध में व्यवसाइयों का कहना है कि हम लोग ताजी मिठाइयां ही रखते हैं। पुरानी मिठाई नहीं बेची जाती। यह सही है कि डिब्बे पर पैकिंग की डेट नहीं लिखते हैं। हालांकि ग्राहक भी ऐसी कोई जानकारी नहीं लेते हैं वह खरीददारी कर वापस लौट जाते हैं। लेकिन इस समस्या को खाद्य विभाग गंभीरता से नहीं लेता है जो लोगों की सेहत को खराब कर सकता है।

### सिंथेटिक दूध का बढ़ रहा कारोबार

दूध की बढ़ती मांग एवं उत्पादन में भारी कमी के चलते पेशेवर कई विक्रेता अब सिंथेटिक दूध की बिक्री कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार जिला मुख्यालय में ही दर्जनों व्यवसायी घूम-घूमकर सिंथेटिक दूध लोगों के घरों में पहुंचा रहे हैं। इनका सेवन करने के बाद जहां बच्चों के स्वास्थ्य में गिरावट आती है वहीं बड़े लोगों को भी धीरे-धीरे गंभीर बीमारी की चपेट में आना पड़ता है। मिलावटी दूध के कारोबार को रोंकने की दिशा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह बने हुये हैं। इनके द्वारा कभी कभार कार्रवाई के नाम पर बाजार में बैठकर एक-दो दिन में कोरमपूर्ति की जाती है। बाद में कार्रवाई की जरूरत नहीं समझी जाती। लिहाजा सिंथेटिक दूध के कारोबार में लिप्त दूध विक्रेताओं के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इस मामले में जिम्मेदार बड़े अधिकारी भी पूरी तरह से चुप्पी साधे हुये हैं।

# विश्व ध्यान दिवसः पुलिस लाइन में हार्ट फुलनेस शिविर आयोजित



## डीजीपी को मिला चेंजमेकर ऑफ द ईयर पुरस्कार

जागरण, सीधी

आज विश्व ध्यान दिवस के गरिमामयी अवसर पर पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस लाइन सीधी में भव्य हार्ट फुलनेस ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा जोन के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान एक गौरवशाली उपलब्धि की जानकारी साझा की गई कि पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना को कान्हा शांतिवनम संस्था हैदराबाद द्वारा चेंजमेकर ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है जिसने अपने क्रांतिकारी कार्यों और विशिष्ट नेतृत्व के माध्यम से समाज के बड़े वर्ग को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया हो। डीजीपी के इसी विजन के तहत आज प्रदेश भर का पुलिस बल ध्यान के माध्यम से मानसिक सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हुआ है। सत्र के दौरान मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन का विशेष उद्बोधन हुआ। उन्होंने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस बल को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीधी ने घोषणा की कि पुलिस कर्मियों के कल्याण हेतु अब प्रत्येक रविवार को जिले में हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों सहित सीधी जिले के समस्त थाना एवं चौकी स्टाफ ने कार्यक्रम में सहभागिता की। हार्टफुलनेस संस्था के एसके गुप्ता ने पुलिस बल को ध्यान की तकनीक और उसके लाभ बताए। उन्होंने हृदय पर ध्यान केंद्रित करने की सरल प्रक्रिया बताई, जिससे आंतरिक शांति प्राप्त होती है। नियमित ध्यान से तनाव में कमी, बेहतर निर्णय क्षमता और कार्यस्थल पर व्यवहार में सकारात्मक सुधार आता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने कहा डीजीपी को मिला सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है। उनके निर्देशन में शुरू हुआ यह ध्यान कार्यक्रम अब सीधी पुलिस की दिनचर्या का हिस्सा बनेगा। प्रत्येक रविवार को होने वाला यह सत्र हमारे जवानों को मानसिक रूप से तरोताजा और अधिक ऊर्जावान बनाएगा। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, पुलिस लाइन व कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। आयोजन का सफल संचालन प्रभारी रक्षित निरीक्षक उप निरीक्षक तरण बेड़िया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया, जिसके पश्चात सभा का विधिवत समापन हुआ।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## गरीबों से काम छीनने की साजिश कर रही भाजपाः ज्ञान



जागरण, सीधी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला मुख्यालय स्थित गांधी चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन भाजपा सरकार द्वारा श्रमिकों के अधिकारों, संघीय ढांचे और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाप्त करने की साजिश के खिलाफ आयोजित किया गया। विशेष रूप से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा का नाम बदलने के निर्णय को कांग्रेस ने गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत के खिलाफ सीधा हमला बताया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलना सिर्फ शब्दों का बदलाव नहीं है, यह महात्मा गांधी के नाम, उनके विचारों और गरीबों के काम के कानूनी अधिकार को मिटाने की सोची-समझी राजनीतिक साजिश है। भाजपा सरकार केंद्र की जिम्मेदारी से भागते हुए राज्यों पर आर्थिक बोझ डाल रही है और करोड़ों गरीबों से रोजगार छीनना चाहती है। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह, नपा उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह, पूर्व महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष आकाश सिंह, महामंत्री नवीन सिंह, अशोक कोरी, पार्षद हल्के सोनी, महामंत्री ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, शशिकला द्विवेदी, गोविंद गुप्ता, अखण्ड प्रताप सिंह, करुण सिंह, ओमकार करचुली, सुनील सिंह, हारून मंसूरी, रनशेर अली, विकाश सिंह परिहार, सानेंद्र सिंह, रेखा सिंह सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

## नाबालिग से रेप का आरोपी रिश्तेदार गिरफ्तार

जागरण, सीधी। जिले के कुसमी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता के रिश्ते के भाई ने इस घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने 24 नवंबर को कुसमी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह 10 नवंबर को अपनी रिश्ते की नानी के घर ग्राम लड़केरी गई थी। कुछ दिनों बाद 16 नवंबर को नानी उसे छत्तीसगढ़ के नेऊर गांव ले गई। वहां नानी ने पीड़िता को अपनी पुरानी ससुराल में छोड़ दिया और यह कहकर चली गई कि उसे वहीं रहना और खाना है। इसी दौरान नानी के बेटे का बेटा लल्लू उर्फ इंद्रजीत सिंह गोंड़ ने कई रातों तक नाबालिग के साथ रेप किया। 20 नवंबर को पीड़िता की मौसी और छोटे नाना ने उसे नेऊर गांव से अपने साथ कुसमी वापस लाया। घर पहुंचने पर पीड़िता ने अपनी मां को पूरी घटना बताई, जिसके बाद दोनों ने थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के बाद से आरोपी फरार था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश और एसडीओपी कुसमी के मार्गदर्शन में गठित टीम ने साइबर सेल की मदद ली। टीम ने आरोपी को छत्तीसगढ़ राज्य के नेऊर मझारी टोला थाना कोटाडोल जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर एमसीबी से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की मां नानी को भी ग्राम लड़केरी से गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## चीतल का अवैध शिकार करने वाला आरोपी पहुंचा जेल



जागरण, सीधी। जिले के सहायक संचालक अधिकारी कुसमी के निर्देशन पर अवैध शिकार करने वाले फरार आरोपी को वन कर्मियों ने पकडकर मझौली न्यायालय में पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया है। परिक्षेत्र सहायक कुसमी से मिली जानकारी अनुसार बीट खरसोती में जंगली जानवर चीतल का अवैध शिकार कर आरोपी करीब 6 माह से फरार था। जिसे वन कर्मियों ने सूत्रों के हवाले से खबर एवं उनके सहायता से पता किया और आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया और आरोपी रामनरेश पटवा पिता रामचरण पटवा उम्र 41 वर्ष निवासी बंजारी को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2(1) 20, 9, 27, 29, 31, 35, 39, 51 सी के तहत मामला पंजीबद्ध कर वनकर्मियों ने 20 दिसम्बर को सुबह 7 बजे पकड़ कर कार्यवाही के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में मेडिकल कराकर मझौली न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय से जेल वारंट बना और आरोपी को जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक कुसमी साधू लाल सिंह बीट गार्ड माच महुआ बंसलाल सिंह, जगनारायण सिंह नीरज सोलंकी सहित स्टाप की भूमिका सराहनीय रही।

## नहर में गिरकर डूबने से युवक की मौत

जागरण, सीधी। जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़ी टिकुरा टोला में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। जहां नहर में गिरने से 38 वर्षीय युवक की डूबकर मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने नहर के किनारे एक शव को तैरते हुए देखा, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वे नहर के पास से गुजर रहे थे, तभी पानी में तैरती लाश नजर आई। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कृष्ण प्रताप सिंह, पिता इंद्र बहादुर सिंह चौहान उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम पहाड़ी टिकुरा टोला के रूप में हुई है। युवक की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में अस्पताल चौकी प्रभारी देवराज सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है तथा मामले की जांच के लिए प्रकरण अमिलिया थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## सीएमसीएलडीपी कक्षा में ध्यान योग का हुआ आयोजन

जागरण, सीधी। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) की कक्षा में ध्यान योग का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में मानसिक शांति, एकाग्रता एवं सकारात्मक सोच का विकास करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात प्रशिक्षक एवं समाजसेवी गोविंद प्रसाद गौतम द्वारा ध्यान योग की विधिवत प्रक्रिया कराई गई, जिसमें श्वास-प्रश्वास अभ्यास, मौन साधना तथा मन की एकाग्रता पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कराया गया। प्रतिभागियों को ध्यान के माध्यम से मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए।

# राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले के 7 मुक्केबाजों का चयन



जागरण, सीधी। जिले के 7 मुक्केबाज राज्य स्तरीय प्रतिगिता में शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता दिनांक 22 से 24 दिसंबर 2025 तक सिवनी मे आयोजित होने वाली यूथ एवं सीनियर बालक/बालिका मप्र राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2025 में सीधी जिला बॉक्सिंग संघ एवं महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी छत्रसाल स्टेडियम सीधी के 7 मुक्केबाज बॉक्सिंग कोच सूरज शुक्ला एवं आदर्श द्विवेदी के नेतृत्व मे सम्मिलित होंगे। सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव राजकुमार गुप्ता एवं बॉक्सिंग संघ के सहसचिव एवं बॉक्सिंग एकेडमी के मुख्य कोच सूरज शुक्ला ने बताया कि हमारी बॉक्सिंग एकेडमी सीधी जिले मे कई वर्षो से संचालित है जिसमें से सैकड़ो खिलाड़ी स्कूल खेल एवं ओपन खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे सम्मिलित हो चुके हैं। साथ ही एक दर्जन से ज्यादा मुक्केबाज राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता मे सम्मिलित हो चुके हैं। जहां हमने पदक भी जीते हैं। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सीधी जिला बॉक्सिंग संघ से प्रशिक्षित 7 मुक्केबाज राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे सम्मिलित होंगे एवं हमें पूर्ण विश्वास है कि सम्मिलित होने वाले सभी मुक्केबाज अच्छा प्रदर्शन करते हुए आगामी राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2025 मे सम्मिलित होंगे एवं वहां अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमारा यह उद्देश्य है कि हम सीधी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभावान बच्चों को निकालकर उनको एकेडमी के माध्यम से तरास कर उन्हें बॉक्सिंग के उत्कृष्ट स्थान तक पहुंचाना है, जिससे वो प्रतिभावान खिलाड़ी समाज को एक स्वास्थ्य एवं स्वच्छ वातावरण दे सकें एवं सीधी जिले का नाम प्रदेश, देश एवं विश्व के पटल पर दिखाई दे। राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने वाले सभी मुक्केबाजो को एकेडमी के कोच आदर्श द्विवेदी के द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। उनके द्वारा प्रतिदिन सुबह और शाम बॉक्सिंग का अभ्यास कराया गया। साथ ही बॉक्सिंग की बारीकियों की जानकारी दी गई। उक्त मुक्केबाज प्रतियोगिता मे दीपक पाल, आदर्श पटेल, अनिकेत सिंह, सतेंद्र वर्मा, दीपक कुमार, सुमित मिश्रा, अभिषेक तिवारी सम्मिलित होंगे। सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के बच्चे काफी मेहनत कर संघ, एकेडमी एवं जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने वाले मुक्केबाजो एवं उनके कोच को सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक रीती पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी ज्ञान सिंह, जिलाशिक्षा अधिकारी पवन सिंह, जिला क्रीड़ा प्रभारी हरिशंकर पाण्डेय, ब्लाक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा, विश्वबंधुधर द्विवेदी, रवि केशरी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नृपेंद्र सिंह कर्चुली आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पड़रा पटवारी के खिलाफ रिश्वत लेने का लगा आरोप



जागरण, सीधी। जिले के गोपद बनास तहसील अंतर्गत पड़रा पंचायत में जमीन में खसरा दर्ज करने को लेकर हल्का पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग की गई थी। जिसकी शिकायत कलेक्टर सहित तमाम जगह की जा चुकी है। इस मामले में अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। यहां तक कि सांसद के पास भी पत्र जारी किया गया है। मालूम हो कि पड़रा निवासी जगदीश प्रसाद पाण्डेय पिता संतोष पाण्डेय जो कि सैनिक थल सेना में कार्यरत हैं। उनके द्वारा बताया गया कि मैने देमान साहू से 30 वर्गफिट जमीन खरीदा था। जिसकी आराजी नंबर 261/1 है। जो कि हल्का पटवारी दीपक शुक्ला द्वारा तहसील में खसरा में दर्ज नहीं किया है एवं मुझसे 50 हजार की घूंस भी मांगी जा रही थी। रिश्वत न देने की वजह से अभी तक पटवारी द्वारा खसरा में दर्ज नहीं किया गया। जिसकी शिकायत कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों को की गई। वहीं सीधी सांसद को भी शिकायत की गई है। जिस पर सीधी सांसद ने कलेक्टर को पत्र जारी कर लिखा गया है कि इस प्रकरण पूरी पूरी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। प्रकरण सैनिक का है अतः प्राथमिकता के साथ जांच हो जिससे उसे न्याय मिल सके। इस मामले की शिकायत के बाद पटवारी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बंजारी हल्का अंतर्गत पड़रा में पदस्थ पटवारी के कारनामों की इसके पहले भी कई शिकायतें आई हैं।

# जमोड़ी पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार तस्कर को गांजे सहित दबोचा

## 90 हजार रूपये कीमती मशरूका हुआ बरामद

### पुलिस की घेराबंदी में पकड़ा गया तस्कर



जागरण, सीधी

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान प्रहार 2.0 के तहत सीधी पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना जमोड़ी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में अवैध गांजा लेकर बिक्री हेतु ग्राम गाड़ाखोह की ओर आ रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और उनके दिशा-निर्देशन में एक विशेष टीम गठित कर घेराबंदी हेतु रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा ग्राम गाड़ाखोह चौराहे के पास संदेही को रोका गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम यज्ञ सेन कुशवाहा पिता रामशरण कुशवाहा निवासी उपनी थाना कोतवाली बताया। तलाशी लेने पर उसके पास रखे झोले से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। इस दौरान जप्त संपत्तियों में मादक पदार्थ 3 किलो 10 ग्राम अवैध गांजा कीमत लगभग 45 हजार रुपये, वाहन तस्करी में प्रयुक्त होंडा डिलक्स मोटरसाइकिल कीमत लगभग 45 हजार रुपये, कुल जप्त मशरूका लगभग 90 हजार रुपये शामिल है। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय होने के कारण पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना जमोड़ी में मामला पंजीबद्ध किया। समस्त वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ के बाद अब मामले के मुख्य स्रोतों का पता लगाया जा रहा है। आरोपी उक्त मादक पदार्थ कहां से लेकर आया था और इसे कहां खपाने लेकर जा रहा की योजना थी। इस संबंध में पुलिस द्वारा गहनता से जांच की जा रही है। जल्द ही इस चैन से जुड़े अन्य चेहरों का भी खुलासा किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सउनि गोविंदलाल साकेत, प्रधान आरक्षक आशीष, राम खेलावन, राजपति, प्रधान आरक्षक चालक अशोक बहरोलिया, आरक्षक अंकित बघेल एवं महिला आरक्षक कृति त्रिपाठी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शीतलहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

जागरण, सीधी। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी ने शीतलहर से बचाव के लिए समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा मैदानी कर्मियों एवं आम नागरिकों को शीतलहर के लक्षण, बचाव उपाय के संबंध में जागरूक करने और आवश्यक तैयरियां रखने के निर्देश दिए गए हैं। कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5-7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे कम दर्ज किया जाता है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियां तथा विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी हो सकती है। शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अत्यधिक संवेदनशील होते हैं।

# भक्त के सच्चे समर्पण से प्रसन्न होते हैं प्रभुः मुरलीधर

## कपुरी कोठार भरतपुर में श्री रामकथा का भव्य आयोजन

### राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय के भजन सुनकर प्रफुल्लित हुए श्रोता





जागरण, सीधी

प्रभु को प्रशन्न करने का सच्चा तरीका भक्त का पूर्ण समर्पण है। यदि भक्त पूरी आस्था के साथ भगवान के प्रति समर्पित होता है तो उसकी पुकार तत्काल पहुंचती है। यह भी सच है कि यदि भक्त के मन में कोई स्वार्थ है तो उसकी पुकार भी पहुंचने में समय लगता है। कपुरी कोठार भरतपुर में चल रही श्रीराम कथा में प्रवचन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास मुरलीधर जी महराज ने कहा कि जब भक्त प्रभु के समक्ष अपने आपको पूरी तरह से समर्पित कर देता है तो प्रभु की कृपादृष्टि उस पर होना स्वाभाविक है। कथाव्यास ने भगवान श्री राम एवं सीता के स्वयंवर स्थल का सजीव वर्णन करते हुए कहा कि जब दोनो भ्राता मुनि विश्वामित्र के साथ जनकपुर पहुंचे तो वहां मौजूद नर-नारी उनको देखते ही अभिभूत हो गए। जनकपुर की सखियां दोनो मुनि एवं दोनो भ्राताओं पर सुमन की वर्षा करते हुए उनके संबंध में अपने बीच बखान भी कर रही थीं। कुछ सखियां तो भगवान श्रीराम को देखकर यह भी कहने लगीं कि यदि जानकी के साथ इनका विवाह होता है तो बहुत अच्छी जोड़ी रहेगी। महाराज दशरथ के दोनो सुपुत्रों की जोड़ी बाल हंस की जोड़ी के समान है। जनकपुर की सखियों द्वारा दोनो भ्राताओं के रूप की खूब प्रसंशाएं आपस में करती रहीं। साथ ही यह भी कहती रहीं कि धनुष यज्ञ में भगवान श्रीराम निश्चित ही धनुष को तोड़ेंगे और उनका विवाह जानकी के साथ होगा। कथाव्यास मुरलीधर जी महराज द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा का सजीव वर्णन इस तरह से किया जा रहा है कि वहां मौजूद श्रोता भक्ति रस में डूबकर भावविभोर होते हुए झूम-झूमकर नृत्य भी करने लगते हैं। आज धनुष यज्ञ को लेकर जनकपुर में जो खुशियां छाई हुई थी उसके संबंध में अलग-अलग भजनों के माध्यम से कथाव्यास ने पूरे पंडाल को ही जनकपुर में तब्दील कर दिया। जनकपुर को लेकर जो भजन प्रस्तुत किए गए उसके चलते पुरुष एवं महिलाएं अलग-अलग टोलियों में देर तक झूमते हुए अपने उत्साह को बयां करते रहे। आयोजकों द्वारा कथास्थल में व्यापक इंतजाम करने के कारण यहां हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष प्रतिदिन पहुंच रहे हैं और दोपहर 1 बजे से लेकर 4 बजे तक भक्ति रस में डुबकी लगाते हुए खुद को धन्य कर रहे हैं। इस दौरान मान्या पाण्डेय राष्ट्रीय लोक गायिका, अनोखेलाल सिंह, एडवोकेट केपी सिंह, अखिलेश पाण्डेय समाजसेवी, श्रीमती आराधना पाण्डेय पूर्व जिला पंचायत सदस्य, ज्ञानेंद्र सिंह सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग, शंकर दयाल गौतम, राजमणि व्दिवेदी, केके पाण्डेय, श्रीमती शर्मिला पाण्डेय, अर्जुन सिंह, सुरेश उपाध्याय, वेदप्रकाश पाण्डेय, अनुराग सिंह, अनिल सिंह, राजेश सिंह, रावेन्द्र सिंह मिट्ठू, सतीष सिंह, पंकज सिंह, अजय व्दिवेदी, रामरतन जायसवाल, अरूण व्दिवेदी आदि हजारों की संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे।

# एआई से पत्रकारों की नौकरी पर मंडरा रहा खतरा?

● कनिका दत्ता ●




आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण बड़ी संख्या में रोजगार खत्म होने का खतरा भयावह वास्तविकता लग रहा है, खासकर जब आप बड़ी टेक कंपनियों, बैंकिंग, बीमा, उच्च-स्तरीय विनिर्माण और यहां तक कि मीडिया, पर्यटन एवं होटल उद्योगों में छंटनी और नियुक्तियों में मंदी की रफ्तार पर गौर करते हैं। बदलाव की इस तेज गति ने दुनिया को चौंका दिया है। वैसे तकनीकी बदलाव बहुत पहले से ही रोजगार को कम करता रहा है। अंतर यह था कि पहले बदलाव की गति अपेक्षाकृत धीमी थी। यह आईटी क्षेत्र ही था जिसने परिवर्तन की गति को तेज किया।

कम से कम एक सदी तक दुनिया भर में अखबारों के पन्ने हॉट मेटल प्रेस में छापे जाते थे, जिसके लिए मेटल स्लग को उल्टा पढ़ने में एक अनूठे स्तर के उप-संपादकीय कौशल की आवश्यकता होती थी। पश्चिमी देशों में यह तकनीक 1960 और 1980 के दशक के बीच धीरे-धीरे समाप्त हो गई (न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह बदलाव 1978 में ही किया)। भारत ने 1980 के दशक की शुरुआत से मध्य तक इस चरण में प्रवेश किया, जब हॉट मेटल की जगह 'कोल्ड प्रेस' या 'फोटो-टाइपसेटिंग' ने ले ली। कंपोजरों द्वारा संचालित पुराने आयरन मॉन्स्टर्स की खटर-पटर की जगह ग्रीन-स्क्रीन वाले कंप्यूटरों की वातानुकूलित सेटिंग और प्रूफ तैयार करने वाले डॉट मैट्रिक्स प्रिंटरों की हल्की-फुल्की आवाज ने ले ली।

इस बदलाव के साथ कुछ नौकरियां भी गईं क्योंकि जो पेज-सेटर कंप्यूटर टाइपिंग नहीं कर पाए उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। रिपोर्टर अपनी कॉपी को रिसाइकल किए हुए अखबारी कागज पर बड़े-बड़े टाइपराइटरों में लगाते थे, जिन्हें चलाने के लिए ताकत लगानी होती थी। फिर इन्हें अंग्रेजी के 'एच' वर्ण की आकृति के डेस्क पर भेजा जाता था, जहां उप-संपादक, वरिष्ठ उप-संपादक और मुख्य उप-संपादक काम करते थे, जो कॉपी का फिर से उन्हीं विशाल टाइपराइटरों पर संपादन या पुनर्लेखन करते थे। संपादित कॉपी फिर कंपोजर के पास जाती और फिर प्रूफ के रूप में प्रूफ रीडर के पास लौटती, जो कभी-कभी अगर रचना की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं होती थी तो दूसरे प्रूफ की मांग करता था। सही की गई प्रतियों को फिर अंधेरे कमरों में 'गैली' या 'पुल' में बदल दिया जाता था। यानी कुल मिलाकर प्रकाशन उद्योग में कामगारों की एक पूरी चेन होती थी।

पेज लेआइट के लिए प्रोसेसिंग उप-संपादकों के रहस्यमय प्रतीत होने वाले निर्देशों पर आधारित होती थी-मसलन 'एस/सी, 11 ईएमएस' या 'डी/सी 22 ईएमएस, बीएलडी' आदि। पेज लेआउट को पुराने समय के रूलर और पेंसिल से आठ-कॉलम ग्राफ पेपर पर तैयार किया जाता था। अपेक्षाकृत नया पेशा 'पेस्ट-अप' कार्मिकों का था, जो पेट्रोलियम पदार्थ मिले हुए गोंद के मिश्रण का उपयोग करके अखबार के आकार के कागज पर गैली को काटते और चिपकाते थे, जिसकी सुगंध हल्की नशीली होती थी। इन विशाल पृष्ठों को एक अंधेरे कमरे में भेजा जाता था जहां सफेद कोट पहने कार्मिक उन पर कुछ रसायन लगाते हुए प्रोसेस करते थे। उसके बाद अगले दिन के संस्करण की प्रिंटिंग के लिए उन्हें शोर करती मशीनों में भेजा जाता था। लेकिन एक दशक से भी कम समय में इस व्यवस्था को कुछ बदलावों ने खत्म कर दिया। पेज-मेकिंग सॉफ्टवेयर ने इस क्षेत्र में प्रवेश किया, जिससे समाचार कॉपी को नेटवर्क वाले कंप्यूटरों पर लिखा और संपादित किया जा सकता था और सीधे ऑनलाइन पेज ग्रिड में 'एक्सपोर्ट' किया जा सकता था, साथ ही ऑनलाइन सॉफ्टवेयर का उपयोग करके तस्वीरों को भी प्रोसेस किया जा सकता था।

## कई नौकरियां हुई खत्म

इस बदलाव ने एक ही झटके में चार तरह की नौकरियां खत्म कर दीं-कंपोजर, प्रूफ-रीडर, पेस्ट-अप मैन और यहां तक कि डार्क-रूम असिस्टेंट जो पन्नों पर चिपकाई गई तस्वीरों को प्रोसेस करते थे। दिलचस्प यह है कि समाचार पत्र व्यवसाय में यह बदलाव बिना किसी खास औद्योगिक अशांति के हुआ, और वह भी ऐसे समय में जब भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्मचारी संघ कंप्यूटरीकरण की शुरुआत का विरोध कर रहे थे।

## एआई कर रहा संपादन

धीरे-धीरे, सॉफ्टवेयर डेस्क प्रोड्यूसर के जीवन पर हावी होता जा रहा है। अगर आप एमएस वर्ड इस्तेमाल करते हैं, तो सॉफ्टवेयर वर्तनी की गलतियों और व्याकरण संबंधी अशुद्धियों को भी रेखांकित कर देता है, जिससे आपकी संपादन और प्रूफ-रीडिंग क्षमता में सुधार होता है। अब, एआई कॉपी का संपादन और पुनर्लेखन कर सकता है, हालांकि इसके परिणाम हमेशा सर्वोत्तम नहीं होते।

## एआई की लेखन क्षमता अगला खतरा

हमें बताया जा रहा है कि पत्रकारों के लिए अगला खतरा एआई की समाचार रिपोर्ट, संपादन और कॉलम लिखने की क्षमता से आ सकता है। इसका अभी पूरी तरह से परीक्षण होना बाकी है और शुरुआती प्रयोगों में सत्यापित तथ्यों के बजाय ढेर सारी कल्पनाएं सामने आई हैं। निकट भविष्य में संपादन और पुनर्लेखन का पेशा, जो कभी अखबारी पत्रकारिता की रीढ़ हुआ करता था, कमजोर पड़ सकता है। लेकिन क्या एआई कभी जमीनी स्तर पर या किसी खबर के लिए सत्ता के गलियारों में इंतजार कर रहे किसी संवाददाता की जगह ले पाएगी? आप सोचेंगे ऐसा नहीं होगा, लेकिन 'संवेदना' के साथ एआई एक नई ताकत के रूप में उभर रही है, ऐसे में अभी कुछ निश्चित नहीं कहा जा सकता!

## गूगल और ऑनलाइन मीडिया का असर

पत्रकारिता के पेशे पर सबसे ज्यादा असर गूगल और ऑनलाइन मीडिया के उदय का पड़ा है। क्लिपिंग लाइब्रेरी, जहां से संपादक अपना शोध करते थे, गायब हो गई। गूगल का सर्च इंजन निस्संदेह सूचना उद्योग के लिए एक वरदान साबित हुआ है। लेकिन इसी सर्च इंजन पर आधारित डिजिटल विज्ञापन बाजार में इस टॉप तकनीक के व्यापक प्रभुत्व ने विज्ञापन को प्रिंट मीडिया और टीवी जैसे पारंपरिक माध्यमों से दूर कर दिया है। बहुत कम निवेश की आवश्यकता वाले ऑनलाइन मीडिया के इस समवर्ती विस्फोट के कारण हजारों अखबार बंद हो गए हैं। अकेले अमेरिका में ही लगभग 3,000 अखबार आईटी के दोहरे हमले के कारण बंद हो गए हैं, और परिणामस्वरूप आधे से ज्यादा पत्रकारों को नौकरी से निकाल दिया गया है। सौभाग्य से, भारत अभी भी इस चलन से अलग है।

# राजनीति और न्यायपालिका के सबसे बड़े विवाद का केंद्र बने

● विश्वनाथ सुमन ●



जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन जिनके खिलाफ इंडिया गठबंधन के 107 सांसद महाभियोग चलाना चाहते हैं

जस्टिस स्वामीनाथन को साल 2014 में भारत सरकार का असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल चुना गया था. उस समय उन पर पद पर रहने के बावजूद भाजपा के कार्यक्रम में जाने के आरोप लगे थे. उन्हें साल 2017 में मद्रास हाईकोर्ट के एडमिशनल जज के पद पर प्रमोट किया गया था और बाद में परमानेंट कर दिया गया.

**चर्चा में**

जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन आज देश की राजनीति और न्यायपालिका के सबसे बड़े विवाद का केंद्र बने हुए हैं। मदुरै की थिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति देकर उन्होंने डीएमके सरकार को सीधी चुनौती दे दी। मंदिर-दरगाह विवाद पर उनके फैसले ने नई बहस छेड़ दी है और अब उनके खिलाफ संसद में महाभियोग की मांग उठ चुकी है। बेबाक फैसलों और 64,000 से ज्यादा मामलों के निपटारे के लिए मशहूर यह जज आज एक जबरदस्त सियासी तूफान के बीच खड़े हैं जहां एक तरफ आस्था है और दूसरी तरफ राजनीति।

> जस्टिस स्वामीनाथन आज देश की राजनीति और न्यायपालिका के सबसे बड़े विवाद का केंद्र बने हुए हैं। मदुरै की थिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति देकर उन्होंने डीएमके सरकार को सीधी चुनौती दे दी। बेबाक फैसलों और 64,000 से ज्यादा मामलों के निपटारे के लिए मशहूर यह जज आज एक जबरदस्त सियासी तूफान के बीच खड़े हैं, जहां एक तरफ आस्था है और दूसरी तरफ राजनीति।

## क्यों हैं सुर्खियों में

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच के जस्टिस जीआर स्वामीनाथन फिर अभी सुर्खियों में हैं, क्योंकि तमिलनाडु सरकार में शामिल डीएमके समेत इंडिया गठबंधन की एक दर्जन पार्टियों ने उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की मांग की है। जस्टिस जी आर स्वामीनाथन पहले भी बयानों को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस देने वालों में डीएमके, सीपीएम, कांग्रेस, आप, मुस्लिम लीग, शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी, समाजवादी पार्टी समेत कई दलों के सांसद हैं। इंडिया गठबंधन के सांसद जस्टिस स्वामीनाथन से नाराज हैं, क्योंकि उन्होंने तमिलनाडु में थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर 6वीं सदी के सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के दीपाथून (पिलर) पर दीया जलाने की परंपरा को फिर से शुरू करने का निर्देश दिया था। इस पिलर के पास ही 13वीं सदी में बनी सिकंदर बादुशाह की दरगाह है। जस्टिस स्वामीनाथन की सिंगल जज बेंच ने कहा था कि अरुलमिघु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर की यह ड्यूटी है कि वह दीपाथून पर दीया जलाए। ऐसा करने से पास की दरगाह या मुस्लिम कम्युनिटी के अधिकारों में दखल नहीं होगा। मंदिर कमेटी ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया तो उन्होंने मंदिर मैनेजमेंट को एक कंटेम्प्ट ऑर्डर भी जारी किया। जस्टिस स्वामीनाथन की बेंच ने 3 दिसंबर को एक और आदेश जारी किया, जिसमें भक्तों को खुद दीया जलाने की इजाज़त दी गई। इसके साथ ही सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स को उनकी सुरक्षा पक्का करने का निर्देश दिया गया। इस आदेश के बाद तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

## नोटिस के बाद फिर दिया आदेश

9 दिसंबर को डीएमके ने इंडिया गठबंधन के 107 सांसदों के हस्ताक्षर वाला नोटिस लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दिया और जस्टिस स्वामीनाथन पर महाभियोग चलाने की मांग की। उसी दिन जस्टिस स्वामीनाथन ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं कराने के लिए तमिलनाडु के चीफ सेक्रेटरी और एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस को 17 दिसंबर को पेश होने का निर्देश जारी कर दिया। इस आदेश से पहले भी जस्टिस स्वामीनाथन आलोचनाओं का शिकार होते रहे हैं।

## 52,094 फैसले दे चुके हैं जस्टिस स्वामीनाथन

1968 में जन्मे स्वामीनाथन 1991 में एडवोकेट बने और 1997 में पुडुचेरी से प्रैक्टिस शुरू की। 2004 में वह मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच में चले गए। 2014 में जस्टिस स्वामीनाथन को मदुरै बेंच के लिए भारत सरकार का असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल चुना गया। तब उन पर इस पद पर रहने के बावजूद बीजेपी के कार्यक्रम में जाने के आरोप भी लगे। 2017 में उन्हें मद्रास हाई कोर्ट के एडिशनल जज के पद पर प्रमोट किया गया और बाद में परमानेंट कर दिया गया। जस्टिस स्वामीनाथन ने अब तक कई महत्वपूर्ण मामले समेत 52,094 फैसले दे चुके हैं। 'अगर आप वेदों की रक्षा करते हैं, तो वेद आपकी रक्षा करते हैं' वाली टिप्पणी के लिए भी जस्टिस सुर्खियों में रहे। अगर संसद में उनके खिलाफ महाभियोग नहीं चला तो नियमों के हिसाब से जस्टिस स्वामीनाथन 31 मई 2030 को रिटायर होंगे।

# रामायण की प्लानिंग मैंने नहीं, ऊपर की किसी शक्ति ने की ...





एक छोटा सा ग्रुप था हमारा। एक मंडली थी जिसमें मैं, नरेंद्र शर्मा जी, अनिल बिस्वास, महेश कौल व और कुछ लोग थे। प्रोफ़ेसर चंद्रशेखर पांडे हर इतवार को हमें एक-दो घंटे के लिए रामायण सुनाते थे। उस मंडली की एक शर्त थी, कि इतवार के दिन ना फिल्म की बात होगी और ना ही कोई और बात होगी। सिर्फ़ रामायण सुनी जाएगी। हम उनसे तुलसी की रामायण सुनते थे। छह महीने में वो रामायण पूरी हो जाती थी। फिर दोबारा रामायण पढ़ते थे। अन्य रामायण भी पढ़ते थे। कुल मिलाकर बात ये है कि मुझे बीस-पच्चीस सालों से रामायण में डुबोया जा रहा था। इसलिए मैं कहता हूं कि रामायण की प्लानिंग मैंने नहीं, किसी और ने की है...। स्वर्गीय रामानंद सागर जी ने ये बात कई साल पहले दूरदर्शन को दिए एक इंटरव्यू में कही थी। 12 दिसंबर 2005 को रामानंद सागर का निधन हुआ था। वैसे रामानंद सागर बहुत बड़े फिल्मकार भी थे। मगर दुनिया उन्हें हमेशा याद करेगी रामायण के लिए।

रामानंद सागर लेखक थे। बतौर पत्रकार उन्होंने अपना करियर शुरू किया था। बतौर लेखक जब रामानंद जी को शोहरत मिलनी शुरु हुई थी तब नामी फिल्मकार महबूब खान ने इन्हें अपने साथ काम करने का ऑफ़र दिया था। मगर तब रामानंद सागर फिल्मों के लिए नहीं लिखना चाहते थे। तो उन्होंने इन्कार कर दिया। हालांकि एक्टिंग करने की ख्वाहिश इन्होंने जरूर जताई थी। एक इंटरव्यू में रामानंद सागर जी ने कहा था कि उस ज़माने में एक लेखक बहुत ज़्यादा पैसे नहीं कमा पाता था। इसलिए वो एक्टिंग करके पैसा कमाना चाहते थे।

> रामानंद सागर बहुत बड़े फिल्मकार भी थे। मगर दुनिया उन्हें हमेशा याद करेगी रामायण के लिए। विभाजन के दौरान मजबूरी में हुए विस्थापन में रामानंद सागर और उनके परिवार ने भी बहुत दुख झेले थे। कई-कई दिन भूखा रहना पड़ता था। और जब कहीं रोटी मिलती थी तो आंखों में आंसू आ जाते थे।

उस दौर में एक फिल्मकार हुआ करते थे जिनका नाम था वहीउद्दीन ज़ियाउद्दीन अहमद। उन्होंने अपने साथ कई प्रतिभावान लेख जोड़ रखे थे जैसे जोश मलिहाबादी, कृष्ण चंदर और मंटो। वो चाहते थे कि रामानंद सागर भी उनके साथ जुड़ें। मगर रामानंद ने उन्हें भी इन्कार कर दिया। यही कहकर कि मैं लेखक की हैसियत से नहीं आऊंगा। वहीउद्दीन अपने बैनर शालीमार पिक्चर्स में भगवान कृष्ण पर एक फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। वहीउद्दीन ने रामानंद सागर से कहा कि मैं तुम्हें अपनी इस फिल्म में अभिमन्यू का किरदार निभाने को दूंगा। रामानंदर सागर को ये ऑफ़र पसंद आया और वो लाहौर से वहीउद्दीन के पास काम करने आ गए।

रामानंद सागर ने वहीउद्दीन और उनकी टीम को जॉइन कर लिया। वो स्टोरी डिस्कशन्स में शामिल होने लगे। जबकी उनका परिवार, पत्नी व बच्चे लाहौर में ही थे। जब एक बार वो परिवार से मिलने लाहौर पहुंचे तो पता चला कि देश का विभाजन हो गया है।

रामानंद सागर ने अपने परिवार को लेकर सुरक्षित जम्मू पहुंच भी गए। वहां से रामानंद सागर व उनके परिवार ने टंगमर्ग में अपना ठिकाना बनाया। उन्हीं दिनों रामानंद सागर जी ने विभाजन की त्रासदी और पहले भारत-पाक युद्ध पर एक उपन्यास लिखा था जिसका नाम था 'और इंसान मर गया' बहुत लोगों का मानना है कि भारत के विभाजन पर इससे मार्मिक लेखन किसी और ने नहीं किया।

विभाजन के विस्थापन में रामानंद सागर के परिवार ने बहुत दुख झेले थे। कई-कई दिन भूखा रहना पड़ता था। पुत्र प्रेम सागर(जो इसी साल दुनिया छोड़ गए हैं।) ने एक बार किसी और से रोटी मांग ली। ये बात रामानंद सागर जी को बहुत खराब लगी। उन्होंने अपनी पत्नी के कुछ ज़ेवर बेच दिए और अपने बच्चों के लिए कई तरह की मिठाईयां व खाना लेकर आए। इनके जीवन के बारे में ऐसी बहुत सी बातें हैं। किस्सा टीवी रामानंद सागर जी का आदरपूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें नमन करता है।

# भारत की सांस्कृतिक कल्पना का अभिन्न अंग कैसे बना भैंसा?

**हड़प्पा की मुहरों पर भैंसों का चित्रण है। यह दिखाता है कि वे पालतू थे और 4,500 साल पहले हड़प्पा सभ्यता का हिस्सा थे। हिंदू पौराणिक कथाओं में भैंस की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। हम अक्सर इस बात को नजर अंदाज कर देते हैं कि भैंस भारत के इकोनॉमिक इकोसिस्टम के लिए कितनी अहम हैं और वे रीति-रिवाजों, कला और संस्कृति में कितनी खास भूमिका निभाती हैं।**

● देवदत्त पटनायक ●



हड़प्पा की मुहरों पर भैंसों का चित्रण है। यह दिखाता है कि वे पालतू थे और 4,500 साल पहले हड़प्पा सभ्यता का हिस्सा थे। भैंसों का इस्तेमाल मांस के लिए भी किया जाता था और उनकी हड्डियों का इस्तेमाल औजार बनाने के लिए किया जाता था। भैंसा प्रसिद्ध पशुपति मुहर पर अंकित है, जिसके सामने एक साधु है जो अपने सिर पर भैंस के सींग पहने हुए है। भैंस के सींग अन्य मुहरों पर भी पाए जाते हैं, जो शक्ति और पौरुष का संकेत देते हैं।

## जैन और हिंदू पौराणिक कथाओं में भैंस

लगभग 3,500 वर्ष पूर्व, ऋग्वेद में शक्तिशाली इंद्र की तुलना एक जंगली भैंसे से की गई है। लगभग 2,000 वर्ष पूर्व, तमिल संगम काव्य, कुरुन्तोकई 65 में , कमल के तालाब में भैंसे की तुलना एक असभ्य पुरुष से की गई है, जो उस सुसंस्कृत कन्या की कद्र नहीं करता जिससे वह विवाह करने वाला है। यह दर्शाता है कि उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक, भारत की सांस्कृतिक कल्पना में भैंसा कितना अभिन्न था।

अजंता की दीवारों पर चित्रित महिष जातक में एक सौम्य भैंसे का वर्णन है जो एक बंदर की शरारतों को सहन करता है। वह बंदर को उसके चिड़चिड़े और व्यवहार के लिए दंडित करने से इनकार कर देता है, भले ही उसे वृक्ष आत्मा या यक्ष द्वारा ऐसा करने की सलाह दी गई हो। एक दिन, वह सौम्य भैंसा कहीं चला जाता है और उसकी जगह एक दूसरा भैंसा ले लेता है। बंदर, यह जाने बिना कि वह एक और भैंसा है, वही शरारतें करता है और कुचलकर मर जाता है। जैन पौराणिक कथाओं में भैंसा बारहवें तीर्थंकर वासुपूज्य का प्रतीक है। जैन यक्षी ज्वालामालिनी को भैंसे पर सवार दिखाया गया है। एक कथा के अनुसार, यक्षी पूर्वजन्म में एक धर्मनिष्ठ जैन थीं, जो जैन मुनियों को भोजन कराती थीं, लेकिन उनके पति ने उनके साथ बुरा व्यवहार किया। इसलिए उनका पुनर्जन्म यक्षी के रूप में हुआ और वे भैंसे पर सवार होती हैं, जो उनके पति का पुनर्जन्म था।



## लोक त्योहारों में भैंसे की बलि

दक्कन भर के लोक उत्सवों में, देवी को एक भैंसा बलि के रूप में चढ़ाया जाता है। देवी को भैंसा चढ़ाने का उद्देश्य उन्हें प्रसन्न करना भी है ताकि बच्चे बाघों के हमलों से सुरक्षित रहें। जब एक भैंसे की बलि दी जाती है, तो उसका पैर उसके मुंह में डालकर देवी को भेंट किया जाता है। यह प्रथा नेपाल में भी प्रचलित है। साथ ही, एक नए नर बछड़े को चुना जाता है और उसे अगले वर्ष देवी को चढ़ाने के लिए पूरे वर्ष मोटा किया जाता है। ऐसे अनुष्ठान धरती की उर्वरता सुनिश्चित करते हैं। पुराने जीवन की जगह पर नया जीवन आता है। केरल में हर (शिव) और हरि (विष्णु) के पुत्र, स्थानीय देवता अयप्पा, महिष की बहन महिषी को पराजित करते हैं। महाराष्ट्र में, ग्राम देवी के पति, भैंस-देवता म्हसो-बा की पूजा होती है। ऐसा प्रतीत होता है कि देवी के प्रेमी भैंसे की हत्या के बाद, वह बैल की सवारी करने वाले शिव को अपना पति चुनती हैं। दक्कन क्षेत्र की कई लोक देवियों के युवा पुरुष पुजारी होते हैं जिन्हें पोतराज या भैंसा राजा कहा जाता है, जो देवी के सम्मान में जुलूस निकालते हैं। पोतराज कोड़े लिए एक भयंकर पुरुष की तरह कपड़े पहने होते हैं और आंध्र प्रदेश के तेलंगाना क्षेत्र में मनाए जाने वाले बोनालू जैसे जुलूसों में दिखाई देते हैं। इस आकृति को कभी काली के पुत्र के रूप में, तो कभी उनके पति के रूप में पहचाना जाता है, जबकि वे खुद को उनका सेवक कहते हैं।

## भैंसा यमराज का वाहन

हिंदू पौराणिक कथाओं में भैंसे की बहुत अहम भूमिका है। यह मृत्यु के देवता यमराज का वाहन है। भैंसा असुर महिष के रूप में भी फेमस है। इसका वध अनेक भुजाओं वाली देवी दुर्गा ने किया था। राक्षस का वध करती इस देवी की सबसे प्राचीन प्रतिमा राजस्थान में मिली है और इसका समय 100 ईसा पूर्व बताया गया है। कुषाण काल की कई टेराकोटा प्रतिमाओं में देवी को अपने नंगे हाथों से भैंसे का वध करते हुए दिखाया गया है। बाद में यह छवि और भी विस्तृत हो जाती है। देवी को सिंह पर सवार होकर भैंसे को अपने पैरों से दबाकर मारते हुए दिखाया गया है। ऐसी छवियां गुप्त, चालुक्य और पल्लव मंदिरों में पाई जाती हैं। अब ये भारत भर में हर शरद ऋतु में मनाए जाने वाले नवरात्रि उत्सव का हिस्सा हैं।

# सांसद के मुख्य आतिथ्य में प्रधानमंत्री आवास योजना गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न



**जागरण डिंडोरी।** मुख्य नगर परिषद डिंडौरी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, डिंडौरी विधायक श्री ओमकार सिंह मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, श्री पंकज तेकाम, श्री अवधराज बिलैया, श्री नरेन्द्र राजपूत, श्री राजेन्द्र पाठक, श्री रानू तिवारी, श्री भागीरथ उरैती, श्री रजनीश राय, श्री रीतेश जैन, श्री संदीप कांसकार, श्री महेश धुमकेती, श्री बद्री प्रसाद साहू, श्री मनोहर ठाकुर, श्री राजेन्द्र दुबे, श्री आशीष वैश्य, श्रीमती स्मिता बर्मन, श्रीमती लक्ष्मी वैश्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, नगर परिषद सीएमओ श्री अमित तिवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएमओ नगर परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 348 आवास एएचपी घटक में स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से पूर्व में 150 आवास पात्र हितग्राहियों को वितरित किए जा चुके हैं। आज आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की उपस्थिति में रेवा परिसर औरई में निर्मित कॉलोनी के 15 हितग्राहियों को आवंटन आदेश एवं आवास की चाबी प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका स्वयं का पक्का घर हो, और यह योजना उसी सपने को साकार करने का माध्यम है। सांसद श्री कुलस्ते ने नगर परिषद डिंडौरी को निर्देश दिए कि योजना का लाभ केवल पात्र हितग्राहियों को ही मिले तथा स्वीकृत 348 आवासों में से शेष आवासों का निर्माण समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राही महिलाओं को मंच पर आमंत्रित कर उनसे संवाद किया तथा उनके अनुभव साझा कराए। इस अवसर पर एक हितग्राही महिला ने मंच से भावुक होकर कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उनका जीवन का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा, आज मैं बहुत खुश हूँ। मेरी उम्र 42 वर्ष है और शासन की इस योजना के माध्यम से आज मेरा पक्का मकान का सपना पूरा हो रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिंडौरी विधायक श्री ओमकार सिंह मरकाम ने कहा कि औरई रोड पर शासकीय भूमि पर प्रधानमंत्री आवास बनाने का प्रस्ताव आया परन्तु हाईवोल्टेज विद्युत लाइन होने के कारण निर्माण कार्य में परेशानी हो रही थी जिस कारण मैंने विधायक निधि से 15 लाख रूपए स्वीकृत कर लाइन शिफ्टिंग कराया जहां पर राज्य और केन्द्र सरकार के द्वारा 348 आवास स्वीकृत कर जिले की उपलब्धि है। उन्हें आज हमारे सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने 16 पात्र हितग्राहियों को आवंटन आदेश और आवास की चाबी प्रदाय की। जिससे जरूरतमंद व्यक्ति को पक्का मकान मिलने से न केवल जीवन स्तर में सुधार होता है, बल्कि परिवारों को सामाजिक सुरक्षा और आत्मसम्मान भी प्राप्त होता है। विधायक श्री मरकाम ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास से वंचित न रहे। उन्होंने सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते से शमशान घाट पहुंच मार्ग एवं औरई रोड में नवीन निर्मित बस्ती में विद्युत, शुद्ध पेयजल और नगर परिषद के वार्ड में साफ-सफाई करने की मांग की, जिससे हमारा नगर स्वच्छ और स्वस्थ्य रहे। उन्होंने संबंधित विभागों से अपील की कि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण और समय-सीमा में पूरा हो।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने गृह प्रवेश करने वाले सभी हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पक्का आवास उनके परिवारों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएगा। गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान लाभान्वित हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी और उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# छतरपुर में अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न

## 323 वोट के साथ शिवप्रताप सिंह अध्यक्ष बने



**छतरपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के परिणाम शनिवार को संपन्न हुए। वर्ष 2025-27 के लिए हुए इस चुनाव में कुल 935 में से 859 मतदाताओं ने वोट डाला। अधिवक्ता संघ के चुनाव परिणाम की गणना पूरी होने पर रात्रि करीब 3 बजे घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर शिवप्रताप सिंह चौहान (रिशु) ने 323 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की जबकि सचिव पद पर अनिल कुमार द्विवेदी 285 मतों के साथ निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में शिवप्रताप सिंह चौहान (रिशु) ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राकेश कुमार दीक्षित को 101 मतों के अंतर से पराजित किया। राकेश कुमार दीक्षित को 222 मत मिले। अन्य उम्मीदवारों में नरेंद्र कुमार खरे को 121, विनोद कुमार दीक्षित (गुड्डू वकील) को 58, नरेंद्र कुमार त्रिवेदी को 56, रामनारायण कुशवाहा को 33 तथा मनोज कुमार व्यास को 29 मत प्राप्त हुए। इस पद पर 9 मत निरस्त घोषित किए गए। वहीं कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध आशीष पटैरिया को चुना गया।

### सचिव पद के चुनाव में मुकाबला काफी रोचक रहा

अनिल कुमार द्विवेदी ने 285 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि वशिष्ट नारायण श्रीवास्तव को 277 मत मिले। दोनों के बीच मात्र 8 मतों का अंतर रहा। अभिलाष पटेरिया को 206 तथा बीरेंद्र कुमार तिवारी को 31 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर 68 मत निरस्त किए गए। उपाध्यक्ष पद पर लखन लाल द्विवेदी ने 327, महिला उपाध्यक्ष रश्मि यादव ने 248, सहसचिव सुरेंद्र मिश्रा ने 500, ग्रंथपाल मुकेश कुमार बाजपेई ने 458 मत प्राप्त कर जीत हासिल की।

परिणाम घोषित होते ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के समर्थकों में हर्ष का माहौल रहा। अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव को बधाई देते हुए उनसे संघ हित में प्रभावी कार्य करने की अपेक्षा जताई।

अधिवक्ताओं के हितों की लड़ाई और समसामयिक घटनाओं पर नजर रखने वाले अधिवक्ता शिवप्रताप सिंह चौहान (रिशु) की टीम में सबसे ज्यादा युवा अधिवक्ताओं ने बढचढ कर हिस्सा लिया। युवा अधिवक्ताओं ने शुरू से ही पूरे जोश के साथ काम करना शुरू कर दिया था। वहीं नए और पिछले बार से एक ही पद पर दावेदारी कर रहे उम्मीदवार इस बार विजय प्राप्त करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाते नजर आ आए।

# करंट की चपेट में आया किशोर, खेत पर पंप चलाते समय दर्दनाक मौत

**छतरपुर।** नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बनगांय में करंट लगने से 16 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल कुशवाहा के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है।

परिजनों के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 9:30 बजे अनिल अपने खेत पर पंप चलाने गया था। इसी दौरान पंप चालू करते समय उसके हाथ में तेज करंट लग गया, जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के समय खेत पर कोई मौजूद नहीं था। करीब दोपहर 12:30 बजे जब परिजन खेत पर पहुंचे तो पंप बंद मिला। पास जाकर देखने पर अनिल जमीन पर बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। परिजन उसे तत्काल निजी वाहन से छतरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना नौगांव पुलिस को दे दी गई है। जिला अस्पताल में शव को पीएम हाउस भेजा गया है, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मनरेगा से बना सार्वजनिक तालाब बैगा परिवारों के लिए बना जल का आधार

**जागरण डिंडोरी।** जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुमेर मोहतरा के वन ग्राम विनोदी में मनरेगा योजना से निर्मित सार्वजनिक तालाब बैगा परिवारों के लिए जल संकट से राहत का आधार बन रहा है। हर वर्ष गर्मी के मौसम में पानी की गंभीर समस्या से जूझने वाले बैगा परिवारों के लिए यह तालाब आशा की नई किरण बनकर उभरा है।

महात्मा गांधी नरेगा योजना का प्रमुख उद्देश्य जल संरक्षण एवं संवर्धन है, जिसे ग्राम विनोदी में बन रहा यह सार्वजनिक तालाब सार्थक रूप से साकार कर रहा है। बैगा बाहुल्य इस ग्राम में पानी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना के अंतर्गत 24.41 लाख रुपये की लागत से सार्वजनिक तालाब निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। वन विभाग द्वारा ग्रामवासियों के हित में तालाब निर्माण हेतु वन भूमि के उपयोग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई, जिससे बैगा परिवारों के जीवन में जल संकट से निपटने की नई उम्मीद जगी। तालाब निर्माण कार्य में ग्रामवासियों के साथ-साथ अन्य ग्राम पंचायतों के मजदूरों ने भी श्रमदान किया। इस कार्य में कुल 4180 मानव दिवस का सृजन हुआ, जिसमें लगभग 12 लाख रुपये की मजदूरी का भुगतान मनरेगा योजना से किया गया।

## अवैध पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**छतरपुर।** जिले में अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। गल्ला मंडी क्षेत्र में घेराबंदी कर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को दबोचा, जिसके पास से एक अवैध पिस्टल बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाइन पुलिस को रविवार दोपहर क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सटई रोड स्थित गल्ला मंडी के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर घेराबंदी की और संदेही को रोक लिया। पुलिस टीम द्वारा जब संदेही की तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 35,000 बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलीप उर्फ दीपू जाटव पुत्र हरि जाटव, निवासी वार्ड नंबर 32, छुई खदान के पास, छतरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर उसके विरुद्ध आयुध अधिनियम (आर्म्स एक्ट) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है और अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है।

# प्रशासन बसों को नए बस स्टैंड तक पहुंचाने में हो रहा नाकाम

## जगह जगह सड़कों पर खड़ी बसों से हर रोज लग रहा जाम




**लवकुशनगर।** प्रशासन की लचर व्यवस्थाओं के कारण आए दिन नगर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। बस चालकों की मनमानी इस कदर हाबी है कि जहां मर्जी वहीं मुख्य सड़क को ही बस स्टैंड बना लेते हैं। इससे हर समय जाम की नौबत आ जाती है।

लेकिन इस अव्यवस्था को दूर करने के लिए प्रशासन कोई भी कारगर कदम नहीं उठा पा रहा है। जिसका फायदा ये बस चालक उठा रहे है इन बस चालकों को जाम लगने की समस्या से कतई सरोकार नहीं रहता है। जबकि जाम लगने के कारण कई दुर्घटनाएं भी घट चुकी हैं फिर भी प्रशासन इस समस्या को हल करने में रुचि नहीं दिखा रहा है। कई बार नगर लोगों ने समाजसेवियों ने नगरपरिषद,पुलिस प्रशासन तथा शांति समिति की बैठक में अनेक बार इस समस्या को उठाया है और पुलिस से इस समस्या को हल करने की मांग की लेकिन इस समस्या से छुटकारा नहीं मिल सका।

### लगभग दो साल से सूना पड़ा नया बस स्टैंड

नगरपरिषद द्वारा लाखों रूपये की लागत से चंदला रोड पर नया बस स्टैंड बना कर तैयार कर दिया करीब एक वर्ष पहले क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पटेरिया द्वारा नए बस स्टेंड का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया था तब लग रहा था कि अब नगर में जाम की स्थिति से निजात मिल सकेगा और जगह जगह सड़को पर खड़ी हो रही बसें सीधे नयी बस स्टेंड पर जाकर खड़ी होंगी।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा बिगत दो बार पुलिस प्रशासन को पत्र जारी कर सहयोग मांगा जा चुका है एक बार पुलिस द्वारा चालान भी किया जा चुका है लेकिन कढ़ाई से पालन न होने के कारण बस चालक फिर से मनमानी करने लगे है मैं फिर से पुलिस को पत्र जारी कर कार्रवाई करवाता हूँ

**( महादेव अवस्थी मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकुशनगर )**

# विश्व ध्यान दिवस पर तीन दिवसीय ध्यान योग कार्यशाला का भव्य समापन



## हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान अभियान से मंडला पुलिस को मिली नई ऊर्जा

**जागरण मंडला।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वाधान में मंडला जिले में आयोजित तीन दिवसीय ध्यान योग कार्यशाला का पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में समापन हुआ। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा के नेतृत्व एवं निर्देशन में तनावमुक्ति एवं ध्यान केंद्र, हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 19, 20 एवं 21 दिसंबर को जिले के पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन, समस्त अनुभागों तथा थाना/चौकी स्तर पर सामूहिक ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए।

संयुक्त राष्ट्र महासंघ द्वारा ध्यान के महत्व एवं उसके शारीरिक-मानसिक लाभों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया गया है। तीन दिनों तक चले इस अभियान में लगभग 1500 से अधिक मंडला पुलिस एवं सीआरपीएफ 148वीं बटालियन के अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता कर ध्यान योग अभ्यास किया। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर प्रातः जूम लिंक के माध्यम से लाइव संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ध्यान के महत्व, तनावमुक्त जीवनशैली एवं सकारात्मक सोच पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए नियमित ध्यान अपनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षकों द्वारा ध्यान, आत्मचिंतन एवं मानसिक संतुलन से संबंधित व्यावहारिक अभ्यास कराए गए, जिससे प्रतिभागियों ने आंतरिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा, एसडीओपी मंडला श्री पीयूष मिश्रा, डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा श्री सतीश चतुर्वेदी, डीएसपी अजाक श्रीमती अर्चना अहीर, श्री अमरी प्रसाद (उप कमांडेंट, 148वीं बटालियन), रक्षित निरीक्षक श्री सुनील नागवंशी, कोतवाली थाना प्रभारी श्री शफीक खान, यातायात थाना प्रभारी श्री ललित धुर्वे सहित बड़ी संख्या में पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारी-कर्मचारी तथा हार्टफुलनेस संस्था की ओर से केंद्र प्रभारी श्रीमती पूर्वा धर्माधिकारी, श्री दिनेश कुमार ओझा, श्रीमती उमा ओझा एवं श्री रोहित पांडे उपस्थित रहे।

# महोबा रोड एनएच ब्रिज बना हादसों का अड्डा, 7 दिनों में 17 दुर्घटनाएं

**छतरपुर।** जिले में सड़क हादसों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक ओर जहां दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, वहीं दूसरी ओर पुलिस द्वारा जगह-जगह सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, यातायात नियमों को लेकर सेमिनार और समझाइश कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद हादसों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। यातायात विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं वाहन चालकों की लापरवाही के कारण हो रही हैं। कई मामलों में चालक अपोजिट साइड से वाहन चला रहे हैं, तो कहीं ओवर स्पीड के चलते नियंत्रण खो बैठते हैं। इसके अलावा सड़कों पर खुलेआम घूम रहे मवेशी भी हादसों का बड़ा कारण बन रहे हैं। एनएच सागर-कानपुर मार्ग पर स्थित महोबा रोड ब्रिज इन दिनों हादसों का प्रमुख केंद्र बन गया है। बीते एक सप्ताह में यहां 17 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन सभी घटनाओं में मुख्य कारण ओवर स्पीड, गलत साइड से वाहन चलाना और ब्रिज पर यू-टर्न लेना बताया जा रहा है।

# मनरेगा का नाम एवं मूल स्वरूप बदले जाने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया




**जागरण मंडला।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले ने कहा कि 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला था। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अतिगरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक़ दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिए महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की, जबकि कोविड के वक़्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया गया, बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरुप बिना विचार-विमर्श किए।

# किसान-चौपाल कर संगठन ने ग्राम मटका के किसानों की सुनी समस्या?

**जागरण डिंडोरी।** इन दिनों किसानों की समस्या जानने के लिए भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि लगातार गांव गांव जाकर किसान चौपाल कर रहे है ।

किसान चौपाल में किसान खुलकर अपनी समस्याओ को संघ के समक्ष रख रहे है ।आज किसान चौपाल का आयोजन ग्राम मटका में किया गया जिसमें सैकडों किसान सामिल हुए, ग्राम मटका में कौडिया बांध से किसानों के खेतों तक पानी नही पहुँच पा रही वही बिजली एवं पेय जल की समस्या भी है । ग्राम के किसानों ने संघ को लिखित पत्र भी दिया है । भारतीय किसान संघ इन्ही सब समस्याओ के निराकरण के लिए 29 दिसंबर को विशाल हड़ताल एवं अंदोलन करने की बात कही । आज के इस किसान चौपाल में भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारी लाल साहू, जिला मंत्री एडवोकेट निर्मल कुमार, तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य, तहसील मंत्री यतेंद्र कुमार साहू, मीडिया प्रमुख शारदा नामदेव जिला सदस्य उदय सिंह मरावी, तहसील उपाध्यक्ष सामंत,दिनेश वरकडे आदि किसान बंधु रहे उपस्थित।

# तालियां बजाकर जनता ने किया मेट्रो का स्वागत, सुरक्षा का जिम्मा रिटायर आर्मी जवानों के हवाले


भोपाल में शनिवार से मेट्रो का सफर शुरू हो गया। सुभाष नगर स्टेशन पर रवाना होने से पहले तैयार खड़ी मेट्रो। छायाः एचसी वर्मा

# भोपाल में 30 किमी मेट्रो कॉरिडोर का काम दो साल में होगा पूराः खट्टर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** 2014 से पहले देश के केवल चार शहरों में ही मेट्रो चलती थी। आज देश के 26 शहरों में मेट्रो चल रही है। आज दुनिया में सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क चीन के पास है, चीन में लगभग 11 हजार किमी लंबा मेट्रो नेटवर्क है। जबकि अमेरिका के पास 1400 किमी लंबा और भारत के पास 1083 किमी लंबा मेट्रो नेटवर्क है, लेकिन अगले दो सालों में भारत के मेट्रो नेटवर्क का विस्तार होकर 1400 किमी से ज्यादा हो जाएगा। इस दौरान भारत मेट्रो इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में अमेरिका से आगे निकल जाएगा। यह बात शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कही। उन्होंने कहा कि आज भोपाल मेट्रो के शुभारंभ के साथ देश के मेट्रो नेटवर्क बढ़कर 1090 किमी हो गया है। खट्टर ने बताया कि भोपाल में भले ही आज 7 किमी के कॉरिडोर पर मेट्रो का शुभारंभ किया गया हो, लेकिन अगले दो सालों में 30 किमी के मेट्रो कॉरिडोर का काम पूरा होते ही शहर के ज्यादा से ज्यादा लोग मेट्रो का उपयोग करेंगे। इस दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा, आज से मध्य प्रदेश में विकास की नई शुरुआत हो गई है। सब्र का फल मीठा होता है। भोपाल की मेट्रो आखिरकार प्रारंभ होती है। एक साल के अंदर इंदौर और भोपाल को मेट्रो की सौगात मिल गई है। इसके साथ ही प्रदेश को 5800 करोड़ के 262 कामों की सौगात भी आज मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 के तहत प्रदेश में विकास की नई शुरुआत हो गई है।

## फ्लायओवर पर खड़े लोगों ने बनाए वीडियो

सुभाष नगर से रवाना होने के बाद ट्रेन जब केंद्रीय विद्यालय स्टेशन से निकलकर जीजी फ्लायओवर पहुंची तो लोगों ने मेट्रो के फोटो और वीडियो बनाए। इसके बाद बोर्ड ऑफिस चौराहे पर भी यही नजारा देखने को मिला। एलिवेटेड कॉरीडोर से मेट्रो को चलते देख नीचे खड़े लोग तालियां बजाने लगे। मेट्रो के पहले सफर में सवार हुए एनजीओ प्रतिनिधि अतुल शर्मा ने दावा किया कि जब ट्रेन ऊंचाई से गुजरती है तो भोपाल का अलग व्यू दिखाई देता है। मेट्रो के जरिए ड्रोन जैसे नजारे देखने को मिले हैं। इस दौरान पहली बार सफर के लिए आए स्कूली बच्चों ने ट्रेन चलने पर भारत माता की जय के नारे लगाए।

## पटरी पार करने पर रोक, लगाए चेतावनी बोर्ड

भोपाल में मेट्रो का आधुनिक वर्जन लाया गया है। देश में बने ट्रेन सेट्स को खंभों पर लगे ओएचई वायर के बजाय पटरियों से ही 750 वोल्ट डीसी का करंट मिलता है। ऐसे में हर स्टेशन पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं कि वे किसी भी हाल में पटरी पार न करें। एनाउंसमेंट के जरिए भी लोगों को पटरी पार न करने की जानकारी दी जाएगी। ट्रेन के अंदर दरवाजे के नजदीक एक लाल बटन और स्पीकर दिया गया है। इसे दबाने पर सीधे आवाज ट्रेन के ड्राइवर के पास जाएगी। इसके अलावा हर प्लेटफॉर्म के दोनों एंड पर एक इमरजेंसी शटडाउन लीवर भी लगाया गया है। आगजनी या अन्य घटना होने पर इस लीवर को घुमाते ही स्टेशन की पॉवर सप्लाई रुक जाएगी। मेट्रो की स्पीड फिलहाल भोपाल में अधिकतम 40 किमी प्रतिघंटा ही रखी जाएगी।

## भोजपाल मेट्रो रखा जाए नाम-शर्मा

औपचारिक शुभारंभ के साथ ही भोपाल मेट्रो के नामकरण को लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है। भोपाल के सांसद आलोक शर्मा ने भोपाल मेट्रो का नाम भोजपाल मेट्रो रखने की पुरजोर मांग उठायी है। सांसद शर्मा का कहना है कि मेट्रो के भूमिपूजन कार्यक्रम में तत्कालीन सीएम कमलनाथ ने मेरे बतौर महापौर के प्रस्ताव पर भोपाल की बजाए, भोजपाल मेट्रो के नामकरण की मंच से ही सहमति दी थी।


मिंटो हॉल में मेट्रो के उद्घाटन के दौरान भोपाल शहर में अन्य रूट का नक्शा देखते सीएम, केंद्रीय मंत्री व अन्य।


मेट्रो संचालन के पहले दिन सुभाष नगर से एम्स तक बच्चों को भी मुफ्त सफर कराया गया। छायाः एचसी वर्मा

## देश में 1 करोड़ 20 लाख, दिल्ली में 70 लाख से ज्यादा लोग रोज कर रहे मेट्रो से सफर

खट्टर ने बताया कि आज अकेले दिल्ली में ही 70 लाख से ज्यादा लोग रोजाना मेट्रो का उपयोग करते हैं। जबकि पूरे देश में 1 करोड़ 20 लाख लोग मेट्रो में सफर करते हैं। इस दौरान हमने दिल्ली में 70 लाख गाड़ियों को सड़कों पर उतरने से रोका है। हमारा उद्देश्य अगले 10 सालों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मेट्रो के साथ जोड़ना है। वर्तमान में ज्यादातर लोग गांवों से निकलकर शहरों से जुड़ रहे हैं। जिसके चलते शहरों में ट्रैफिक बढ़ रहा है। दिल्ली में मेट्रो ने एक अनूठा प्रयोग भी करके देखा है। यात्रियों को लास्ट माइल (अंतिम मील) कनेक्टिविटी दी गई है। यानि लोगों को घर से मेट्रो स्टेशन तक और अंतिम मेट्रो स्टेशन से उनके गंतव्य तक। अगर यह प्रयोग सफल रहा तो आने वाले समय में अन्य शहरों में भी यह प्रयोग किया जाएगा। खट्टर ने बताया कि मेट्रो ट्रेन के संचालन से जहां समय बचता है, वहीं पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित होता है। उन्होंने बताया कि मेट्रो के साथ ही भारत सरकार द्वारा प्रदूषण से बचाव के लिए ई बसों के चलन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। लगभग 10,000 ई-बसें प्रारंभ होना है, जो बड़े नगरों को प्रदान की जाएंगी।

## इंदौर में अंडर ग्राउंड होगा 7 किमी का कॉरिडोर

इंदौर में मेट्रो के रुके हुए काम को भी गति मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने इसके लिए 200 करोड़ रुपए देने पर सहमति जताई है। बता दें कि इंदौर में 7 किमी के कॉरिडोर में अंडर ग्राउंड या एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने पर केंद्र व राज्य के मेट्रो अधिकारियों के बीच सहमति नहीं बन पा रही थी। केंद्र के अधिकारी एलिवेटेड और राज्य के अंडर ग्राउंड मेट्रो नेटवर्क बनाने पर अड़े थे। हमने प्रदेश की बात मानते हुए 7 किमी का अंडर ग्राउंड मेट्रो कॉरिडोर बनाने की सहमति दे दी है। इस दौरान जो भी खर्च होगा उसका वहन भी केंद्र करेगा।

### सीएम की युवा उद्यमियों से अपील

# निवेश से तरक्की के साथ संवारें परिवारों का जीवन



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** उद्योग केवल मुनाफा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि हजारों परिवारों का जीवन संवारने का संकल्प है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में यंग एंटरप्रेन्योर्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित भारत समिट 2025 को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमपी देश का सबसे तेज बढ़ता राज्य है और इसी कारण निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए उद्योग विभाग की कमान सीधे मुख्यमंत्री स्तर पर रखी गई है। उन्होंने बताया कि आगामी 25 दिसंबर को अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर ग्वालियर में होने वाली ग्रोथ मीट में एक साथ 2 लाख करोड़ के निवेश कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण होगा। उन्होंने युवा निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रदेश की नीतियों के जरिए न केवल अपनी तरक्की करें बल्कि हजारों परिवारों को रोजगार देकर उनका भी भविष्य संवारें।

**सिंधिया ने डी फैक्टर को बताया सफलता का जरिया**

### हर सेक्टर में मिलेगी युवाओं को मदद

सीएम ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और उद्यमशीलता से ही एमपी प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में सीएम ने कहा कि युवा उद्यमियों ने जोखिम उठाने की क्षमता से खुद का अलग मुकाम बनाया है। उन्होंने मंच से कहा कि नव उद्यमियों को व्यापार-व्यवसाय, बिजनेस यूनिट, औद्योगिक इकाई की स्थापना से लेकर उत्पादन शुरू करने तक सभी मदद दी जाएंगी।

### मप्र विस चुनाव 2023 पर केंद्रित शोध को राष्ट्रीय मंच पर मिली पहचान

**एजकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** देहरादून में आयोजित पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस विकसित भारत 2047 इमर्जिंग ग्रोथ, प्रिजर्विंग रूट्स के दौरान मप्र की राजनीति पर आधारित एक महत्वपूर्ण शोध पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. योगेश पटेल, सहायक प्राध्यापक, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं संयुक्त सचिव, पीआरएसआई भोपाल चैप्टर की पीएचडी शोध-आधारित पुस्तक मध्य प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक दलों के मीडिया प्रबंधन का विश्लेषणात्मक अध्ययन का विमोचन किया गया। यह पुस्तक 2023 के मप्र विधानसभा चुनावों में भोपाल के प्रथम बार मतदान करने वाले नव मतदाताओं पर केंद्रित है। पुस्तक का विमोचन पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक, मास्को स्थित एकोस के डिप्टी चेयरमैन, जनरल डायरेक्टर एवं पार्टनर-को-फाउंडर डॉ. मिशेल मास्लोव तथा पीआरएसआई पूर्व क्षेत्र की उपाध्यक्ष अनु मजूमदार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### सीमेंट से भरा ट्रक पलटने से दो की मौत

**जागरण, छिंदवाड़ा।** जिले में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। हादसा दमुआ थाना क्षेत्र के सारणी मार्ग पर झिरी के पास हुआ, जहां सीमेंट से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के नीचे दबने से दो लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

### खट्टर बोले - शहरी योजनाओं के क्रियान्वयन से ही विकसित होगा देश, 2047 को ध्यान में रख बनाएं योजनाएं

# पीएम आवासों का आवंटन न होना चिंताजनक

**जागरण, भोपाल।** सबको आवास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। मगर शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार मकान लोगों को आवंटित नहीं किए जा रहे हैं। मकानों का आवंटन न होना चिंताजनक है। राज्य सरकारों को कोशिश करना चाहिए कि जन भागीदारी से यह योजना प्रभावी हो। इस योजना को पूरा करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ प्राइवेट रियल्टी सेक्टर के उद्यमियों को प्रोत्साहित करना होगा। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश सहित उत्तरप्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ के शहरी विकास मंत्री एवं राज्यमंत्रियों को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण शहरी विकास योजनाओं में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहाकि सभी राज्य आजादी के सौ साल यानी 2047 को ध्यान में रखकर शहरी विकास की योजनाएं बनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की जो कल्पना की है, उसे तभी पूरा किया जा सकेगा, जब केन्द्र और राज्य सरकार पूरे समन्वय के साथ कार्य करेंगी। इसके लिए जरूरी है कि केन्द्र सरकार से मिलने वाली बजट राशि का पूरा उपयोग समय पर किया जाए। उन्होंने कहाकि आजादी के सौ साल पूरे होने तक शहरी आबादी देश की कुल आबादी की 50 फीसदी तक हो जाएगी। विकसित भारत बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहे केंद्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए राज्यों की क्षेत्रवार बैठकें की जा रही हैं। केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि हर राज्य की भौगोलिक स्थिति और परेशानियां अलग है। राज्यों के विकास के लिये केन्द्र सरकार सपोर्टिंग सिस्टम के रूप में काम करती है, किन्तु ठोस प्रयास राज्य सरकारों को ही करना होंगे।

### राज्यों ने बताए अपने संकल्प

राज्यों के मंत्रियों ने अपनी सरकारों द्वारा शहरी विकास के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रजेंटेशन दिया। मप्र के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि राज्य सरकार ने संकल्प लिया है कि नर्मदा नदी में गंदा पानी न मिलाया जाये। प्रदेश की नगरीय क्षेत्रों में संपत्तियों की जीआई मेपिंग की गई है। इससे संपत्ति कर में 150 प्रतिशत वृद्धि हुइ। मंत्री विजयवर्गीय ने अमृत योजना में अधूरे काम पूरा करने केंद्र से मदद का आग्रह किया। केन्द्रीय सचिव आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली श्री श्रीनिवास कटिकिथला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक के आयोजन के बारे में जानकारी दी।

### 8 लाख 79 हजार आवास बने

उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न राज्यों और केन्द्र सरकार के अधिकारियों के बीच योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 9 लाख 46 हजार आवासों में 8 लाख 79 हजार आवास निर्माण किये जा चुके है। पूर्ण आवासों के आधार पर मध्यप्रदेश प्रथम सर्वेश्रेष्ठ राज्यों में शामिल है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 60 हजार आवासों को स्वीकृति दी जा चुकी है। केंद्र सरकार के अधिकारियों ने कहा कि जिन हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बनाए जा चुके हैं, उनकी सुरक्षा की गारंटी राज्य सरकार को देना चाहिए। अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की आवास समस्या के हल के लिये उद्योगपतियों की मदद से किफायती आवास तैयार करने का कार्य राज्य सरकार कर रही है।

## अटल जन्म शताब्दी पर जिलों में होंगे सम्मेलन

**जागरण, भोपाल।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजयेपी की जयंती पर भाजपा देश एवं प्रदेश में प्रत्येक विधानसभा स्तर पर अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित करेगी। कार्यक्रमों की शुरूआत जयंती के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को होगी और 31 दिसंबर तक चलेंगे। यह जानकारी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अरुण सिंह ने शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडियो को दी। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में जहां स्व. वाजपेयी की प्रतिमा या स्मारक स्थापित हैं, वहां स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। दीपोत्सव का आयोजन भी होगा। जिला कार्यालयों में दीपोत्सव कार्यक्रम होंगे। 25 दिसंबर को अटलजी के जीवन दर्शन और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इन सम्मेलनों में उनके साथ कार्य कर चुके सामाजिक, विशिष्ट नागरिकों के साथ चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

## सरकारी स्कूलों में मनाया जाएगा एनुअल-डे, सांदीपनि से शुरुआत

**एजकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** अब सरकारी स्कूलों में भी निजी स्कूलों की भांति वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत सांदीपनि स्कूलों से हुई है। इसके माध्यम से सिंगिंग, डांस अभिनय जैसी प्रतिभाओं को निखारने की कोशिश है। शासकीय महात्मा गांधी स्कूल में गुंजन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को तैयारी कराई गई। सरकारी स्कूलों में यह नई पहल है। राजधानी के आठ सांदीपनी स्कूलों में से एक शासकीय महात्मा गांधी स्कूल में करीब दो हजार विद्यार्थी हैं।

**अनदेखी** अयोध्या बायपास की दस लेन सड़क का होना है निर्माण, कटेंगे 8 हजार पेड़

# विरोध बेअसर, अयोध्या बायपास पर पेड़ों की कटाई शुरू

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** रत्नागिरी से लेकर आशाराम तिराहे तक बनने वाली दस लेन सड़क के लिए पेड़ों की कटाई शुरू हो चुकी है। पीपुल्स मॉल के पास शनिवार को कुछ लोग बड़ी संख्या में पेड़ काट रहे थे। दस लेन सड़क प्रोजेक्ट के लिए कुल 8 हजार पेड़ काटे जाना प्रस्तावित है। इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई से शहर के पर्यावरणविद और वृक्ष प्रेमी चिंतित हैं। एनजीटी में इस मामले की शिकायत भी की गई है। इसके जवाब में एनएचएआई जो इस प्रोजेक्ट को बना रही है, उसने हाईकोर्ट में एक कैविएट दायर की हुई है, ताकि कोई भी निर्णय देने से पहले उसका पक्ष सुना जाए। आपको बता दें कि एनएचएआई द्वारा रत्नागिरी से करोंद होते हुए आशारात तिराहे तक कुल 16 किलो मीटर लंबी सड़क की परियोजना प्रस्तावित है। इस सड़क में टू लेन सर्विस रोड होगी और छह लेन का मुख्य मार्ग होगा।

### पेड़ों को बांध चुके हैं रक्षासूत्र

अयोध्या बाइपास सहित शहर के कई लोग पेड़ों की कटाई के विरोध में हैं। यहां पेड़ बचाने के लिए जनआंदोलन भी शुरू हुआ है। इसी तारतम्य में कुछ महीने पहले यहां की आमजनता ने पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधे थे। साथ ही उन्हें बचाने का संकल्प लिया था। आयोजन की अगुआई श्रमिक नेता दीपक गुप्ता ने किया था, उन्होंने कहा- यह सिर्फ पेड़ों की लड़ाई नहीं है, बल्कि हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। हम इन पेड़ों को कटने नहीं देंगे।



### परियोजना की मुख्य बातें

- लंबाईः लगभग 16 किलोमीटर
- लेनः मुख्य सड़क 6 लेन और दोनों तरफ 2-2 लेन की सर्विस रोड, कुल 10 लेन तक
- लागतः लगभग 836 करोड़ रुपए
- प्रमुख निर्माणः करोंद चौराहा, पीपुल्स मॉल और मिनाल रेसिडेंसी के पास 3 फ्लाईओवर और कई अंडरपास बनेंगे।
- शुरुआतः 2026 से काम शुरू होने की उम्मीद है
- उद्देश्यः कानपुर से आने वाले ट्रैफिक को सुगम बनाना, जिससे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट तक पहुंच आसान हो।

### बदले में 40 हजार पेड़ लगाने का दावा

इस प्रोजेक्ट की निर्माणकर्ता एजेंसी एनएचएआई ने पेड़ कटाई को लेकर जो सफाई पेश की है। उसके अनुसार एनएचएआई आठ हजार पेड़ काटने के बदले में 40 हजार नए पौधे रोपेगा। इसी के साथ एक इसी क्षेत्र में फॉरेस्ट सिटी या वन नगर बसाने की भी योजना है। जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे।

### सर्विस रोड पहले बनेगी

जानकारी अनुसार एनएचएआई ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जो प्लान तैयार किया है उसके अनुसार पहले सर्विस रोड बनाई जाएगी ताकि यातायात बाधित न हो। पेड़ों और बिजली पोल-पाइपलाइनों को शिफ्ट किया जाएगा और पेड़ों की भरपाई के लिए ज्यादा पेड़ लगाए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट से भोपाल के कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार आएगा, जिससे शहर के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# गैरहाजिरी बढ़ने से विद्यार्थियों को देनी पड़ सकती है प्राइवेट परीक्षा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** परीक्षा में शामिल होने के लिए नियमित परीक्षार्थी के रूप में विद्यार्थियों से परीक्षा फार्म जमा करा लिए गए हैं। उपस्थिति के अभाव में विद्यार्थियों को परीक्षा प्राइवेट के रूप में देना पड़ सकती है। करीब बीस प्रतिशत विद्यार्थियों की कक्षाओं में उपस्थिति 75 फीसदी से कम है। विद्यार्थियों की उपस्थिति बिगड़ने का कारण शिक्षकों की उपस्थिति नहीं होना बताया जा रहा है। ई-अटेन्डेस के मुताबिक उनकी हाजिरी 60 प्रतिशत ही दर्ज है। एक अप्रैल से कक्षाओं की शुरुआत हुई है। अब तक कक्षाओं को डेढ़ से ज्यादा दिन हो गए। कक्षाएं नियमित रूप से रही, लेकिन विद्यार्थियों की उपस्थिति लेने वाले शिक्षकों की मौजूदगी कम रही है। इसका असर विद्यार्थियों की संख्या पर पड़ा है। भोपाल के करीब 800 शिक्षक एसआईआर कार्य में लिप्त रहे हैं। उनकी गैरहाजिर होने पर कक्षाएं सूनी पड़ी रही और विद्यार्थियों ने स्कूल जाना बंद कर दिया। वर्तमान में पचास प्रतिशत से कम हाजिरी स्कूलों में है। करोंद के हाई स्कूल में करीब 300 विद्यार्थी हैं। इनमें करीब 150 भी कक्षाओं में नहीं पहुंचे। यह हाल पिछले एक माह से हैं। अधिकतर शिक्षक एसआईआर कार्य में लिप्त हैं। महज दो शिक्षकों के भरोसे कक्षाएं चल रही हैं। ईटखेड़ी में इससे भी बुरे हालात बने हुए है। यहां अतिथि के भरोसे कक्षाएं चल रही हैं। शहर में कई स्कूलों पर इस तरह की समस्याएं बनी हुई हैं।

### विद्यार्थियों की उपस्थिति लगाना हुआ मुश्किल

उपस्थिति के मामले में शिक्षकों ने स्कूल शिक्षा विभाग और प्रशासन को ज्ञापन दिया है। इनका कहना है उनकी ड्यूटी दूसरे कार्यों लगी हुई है। ऐसे में स्कूल पहुंचकर उपस्थिति कैसे लगाएं। इससे पहले भी संविलियन सहित दूसरे कार्य हुए। जिसके चलते कक्षाएं प्रभावित रही।

### परीक्षाओं के लिए डेढ़ माह

एमपी बोर्ड की परीक्षाओं को डेढ माह का समय ही शेष रह गया है। कक्षा 12वीं की परीक्षा सात फरवरी और 11 फरवरी से दसवीं की परीक्षाएं शुरु हो जाएंगी। दोनों में प्रदेश से 18 लाख स्टूडेंट शामिल होंगे।

स्कूलवार ब्योरा जमा कराया जाएगा। यह जिम्मेदारी शिक्षकों की है। स्कूल नहीं लगने की दशा में जवाब तलब किया जाएगा।

■ **नरेन्द्र अहिरवार**, जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल

## संक्षिप्त समाचार

### इमरान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई के संस्थापक इमरान खान तथा उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना केस-2 मामले में 17-17 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह फैसला शनिवार को फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) की विशेष अदालत ने सुनाया। दोनों पर 16.4 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला एक महंगे बुल्गारी घड़ी सेट से जुड़ा है। उन्हें 2018 में सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने यह सेट गिफ्ट की थी, जिसकी कीमत करीब 2 करोड़ थी। इमरान ने पाकिस्तान आर्काइव को इस गिफ्ट के सही कीमत की जानकारी नहीं दी। उन्होंने झूठ कहा कि यह सिर्फ 5 लाख की है, जिससे घड़ी सरकारी खजाने में जाने से बच जाए। इमरान इसे निजी तौर पर बेचना चाहते थे। रावलपिंडी की अडियाला जेल में हुई सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश शाहरुख अरजुमंद ने फैसला सुनाया। इमरान भ्रष्टाचार के मामले में अगस्त 2023 से अडियाला जेल में बंद हैं। इमरान खान पर 100 से ज्यादा मामले चल रहे हैं।

### हिजाब विवाद: जॉइनिंग के लिए नहीं पहुंची नुसरत

**पटना, जेएनएन।** हिजाब विवाद के बाद सुर्खियों में आई मुस्लिम महिला डॉक्टर नुसरत परवीन ने शनिवार को नौकरी जॉइन नहीं की। शाम 6 बजे तक पटना सदर के सबलपुर पीएचसी में उन्हें जॉइन करना था, लेकिन वे नहीं पहुंची। सिविल सर्जन अविनाश कुमार सिंह ने कहा, नुसरत ने जॉइन नहीं किया है। अगर विभाग की ओर से कोई डेट बढ़ाई गई है तो हम उसका पालन करेंगे। बता दें कि 75 डॉक्टर्स सिलेक्ट हुए थे, जिसमें अब तक 63 डॉक्टर्स ने जॉइन किया है। 12 डॉक्टर्स ने अब तक जॉइन नहीं किया है। वहीं, झारखंड सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी नीतीश कुमार पर हमलावर हैं। डॉ. नुसरत परवीन को 3 लाख महीने वाली सैलरी का जॉब ऑफर देने के बाद उन्होंने बिहार में मुख्यमंत्री का इलाज करने की बात कही है। झारखंड के जामताड़ा में मीडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, मैं बिहार जाना चाहता हूं, ताकि सीएम नीतीश कुमार का मानसिक संतुलन जो बिगड़ गया है, उसका इलाज करना चाहता हूं। वो भी बिल्कुल निःशुल्क। अगर उन्होंने ऐसा जानबूझकर किया है, तो उन्हें देश के सामने माफी मांगनी चाहिए। जो हुआ वो जघन्य अपराध है। इधर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने डॉ. नुसरत परवीन को झारखंड में सरकारी सेवा में आने का खुला ऑफर दिया है। इरफान अंसारी ने कहा है, अगर डॉ. नुसरत परवीन झारखंड में अपनी सेवाएं देती हैं, तो उन्हें तीन लाख रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। साथ ही उन्हें उनकी मनचाही पोस्टिंग और रहने के लिए सरकारी आवास (फ्लैट) की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**झारखंड सरकार के मंत्री ने दिया 3 लाख का जॉब ऑफर**

### दिल्ली में कोहरा, 129 फ्लाइट हुईं कैंसिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मप्र समेत 8 राज्यों में शनिवार सुबह भीषण सर्दी के साथ घना कोहरा छाया रहा। राजस्थान के सीकर स्थित फतेहपुर, सिरोही के माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) पर कोहरे के कारण शनिवार को 129 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई है। उप्र के 50 जिलों में कोहरा छाया रहा। सुबह 9 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखा। 10 मीटर दूर भी कुछ नहीं दिख रहा था। संभल में घने कोहरे के कारण ट्रक और बाइक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। घने कोहरे के कारण यूपी के 8 जिलों के स्कूलों में 19 और 20 दिसंबर को छुट्टी की गई है। बिहार के 24 जिलों में कोल्डे के हालात है। पिछले दो दिनों से कई जिलों में धूप नहीं निकली है।

### असम: ट्रेन से टकराए सात हाथियों की मौत



**नगांव/गुवाहाटी, जेएनएन।** असम के होजाई जिले में शनिवार सुबह हाथियों का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक हाथी का बच्चा घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए। यह हादसा सुबह 2.17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुआ। शुरुआत में आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि एक हाथी का बच्चा जिंदा है और गंभीर रूप से घायल है। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। नगांव के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर सुहास कदम ने बताया कि इलाके में घना कोहरा होने के कारण यह हादसा होने की आशंका है। मृत हाथियों का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है, जबकि स्थानीय पशु चिकित्सक घायल हाथी का इलाज कर रहे हैं।



## प्राकृतिक थीम वाला पहला एयरपोर्ट टर्मिनल

**गुवाहाटी, जेएनएन।** लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया। यह देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। नई टर्मिनल बिल्डिंग से गुवाहाटी की क्षमता बढ़ेगी। अब सवा करोड़ से ज्यादा पर्यटक आ सकेंगे। मां कामाख्या के दर्शन आसान हो जाएंगे। टर्मिनल के अंदर हरियाली है। प्रकृति से जुड़ी डिजाइन है। यहां टेक्नोलॉजी है। इसे बनाने में बांस का इस्तेमाल किया गया है, जो खूबसूरती दिखाता है और मजबूती भी। पहले देश में कानून था कि बंबू को काट नहीं सकते। हमने कानून हटाया तब जाकर आज बांस से इतनी बड़ी बिल्डिंग बनी है। आज दुनियाभर में इनकी चर्चा है।

### पीएम बोले-मोदी कांग्रेस की गलतियां सुधार रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को गुवाहाटी में कहा, कांग्रेस ने हमेशा से असम विरोधी काम किया। कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को खुली छूट दी और यहां की डेमोग्राफी बदली। इससे ये हुआ कि पूरे असम की सुरक्षा और पहचान दांव पर लग गई। पीएम ने कहा-मोदी कांग्रेस की गलतियां सुधार रहा है। अवैध घुसपैठियों को पहचानकर उन्हें बाहर किया जा रहा है। मोदी दो दिन के असम दौरे पर पहुंचे। मोदी रविवार को असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे। असम से पहले पीएम कोलकाता पहुंचे थे। यहां उन्होंने एयरपोर्ट से नादिया में कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया।

### कोलकाता: फुटबॉल स्टार के साथ फोटो के लिए 30 लाख! चोरी छुपे बेच दिए 50 फीसदी टिकट

# मेसी के इवेंट में 100 करोड़ का खेला

**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता में फुटबॉल स्टार लियोनेल मैसी के कार्यक्रम में हुई अराजकता की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। पुलिस की एसआईटी ने शनिवार को रिशरा इलाके में मौजूद मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता के घर पर छापा मारा। उसके आलीशान घर में एक फ्लोर पर स्विमिंग पूल, छत पर फुटबॉल ग्राउंड और बड़ा सा ऑफिस मिला।

रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता के बिधाननगर पुलिस की डिटेक्टिव टीम सुबह रिशरा थाने से फोर्स लेकर दत्ता के घर पहुंची। उनमें से पांच अफसर घर में घुसे, जबकि बाहर मौजूद रहे। उस वक्त वहां पर केवल एक घरेलू मददगार मौजूद था। टीम ने केयरटेकर से पूछताछ कर हर कमरे की अच्छे से तलाशी ली।

### एसआईटी ने मारा छापा, जांच में अहम खुलासा



#### दावा: जानबूझकर बेचे सिर्फ आधे टिकट?

अफसरों का कहना है कि युवा भारती स्टेडियम में 66 हजार सीटें हैं। ऑर्गनाइजर्स का दावा है कि आधी टिकटें ही बिकीं, बाकी फ्री में बांटी गईं, लेकिन ऐसा लग रहा है कि जानबूझकर 50 फीसदी टिकटों की सेल का रिकॉर्ड ही नहीं रखा गया। ऐसा करके उन टिकटों पर लगने टैक्स की बड़े पैमाने पर चोरी कर ली गई। वरना इतने बड़े कमर्शियल स्पोर्टिंग इवेंट में कोई भी आयोजक इतना बड़ा नुकसान कभी नहीं होने देता।

#### बड़े पैमाने की हेराफेरी का शक : पुलिस

मीडिया के पूछने पर अफसरों ने बताया कि यह बस रूटीन सर्च थी। इस दौरान सतद्रु दत्ता के डॉक्यूमेंट्स और एग्रीमेंट पेपर्स चेक किए गए। सर्च के दौरान कोई जब्ती नहीं की गई। हालांकि, अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि कहानी कुछ और है। एसआईटी को इस मामले में बड़े पैमाने पर पैसों की हेराफेरी का शक है। बता दें साल्ट लेक सिटी स्टेडियम में 13 दिसंबर को हुई अफरा-तफरी के कुछ घंटे बाद ही दत्ता को अरेस्ट कर लिया गया था। उस पर गलत तरीके से इवेंट प्लान करने और क्राउड मैनेजमेंट न करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई।

#### वसूली: पेमेंट का कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं

लोगों के गुस्से को देखते हुए ममता सरकार ने इस मामले में एसआईटी जांच की घोषणा की थी। यह जांच शुरुआत में इवेंट के मिस-मैनेजमेंट से जुड़ी थी, लेकिन अब जैसे-जैसे सबूत सामने आ रहे हैं, यह जांच अब करीब 100 करोड़ रुपए की कथित फाइनेंशियल गड़बड़ियों की तरफ बढ़ती नजर आ रही है। पुलिस के मुताबिक, जांच में पता चला कि ऑर्गनाइजिंग बॉडी के पदाधिकारियों और उनके साथियों ने इस इवेंट के बहाने पैसे का जमकर लेन-देन किया। मैसी के साथ एक फोटो खिंचवाने के लिए फैंस से 10 लाख से 30 लाख रुपए तक वसूले गए। हालांकि, इस पेमेंट का कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं है। पैसे शायद कैश में लिए गए। यही वजह है कि अब उसे अनएकाउंटेड मनी मानकर देखा जा रहा है।

### मद्रास हाईकोर्ट के जज को 36 पूर्व जजों का समर्थन, बोले

## महाभियोग लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ों पर हमला होगा



**चेन्नई, जेएनएन।** मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ विपक्षी सांसदों के महाभियोग प्रस्ताव का देश के 36 पूर्व जजों ने विरोध किया है। इससे पहले 56 पूर्व जज भी इस प्रस्ताव पर विरोध जता चुके हैं। शनिवार को 36 जजों ने खुले पत्र में कहा-महाभियोग के प्रस्ताव का कदम जजों पर राजनीतिक-वैचारिक दबाव बनाने, डराने की कोशिश है। अगर ऐसी कोशिशों को आगे बढ़ने दिया गया, तो यह लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ों पर हमला होगा, क्योंकि लोकतंत्र में फैसलों की परीक्षा अपील और कानूनी समीक्षा से होती है, न कि महाभियोग की धमकियों से। जस्टिस स्वामीनाथन ने 1 दिसंबर को मंदिर, दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था। इसके बाद 9 दिसंबर को प्रियंका गांधी वाड्रा समेत इंडिया गठबंधन के 107 सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था। मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने एक राइट-विंग एक्टिविस्ट की याचिका पर 4 दिसंबर को सुनवाई करते हुए तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर मौजूद एक मंदिर और दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था।

## हनुमानगढ़ में अब नहीं लगेगा इथेनॉल प्लांट

**हनुमानगढ़, जेएनएन।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी क्षेत्र के राठीखेड़ा गांव में प्रस्तावित इथेनॉल फैक्ट्री अब न तो जिले में लगेगी और न ही राजस्थान में। इथेनॉल प्लांट के खिलाफ लंबे समय से चल रहे जनआंदोलन के बाद कंपनी ने प्लांट को दूसरी जगह शिफ्ट करने का फैसला लिया है। आंदोलित किसानों और स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र की जनता की ऐतिहासिक जीत बताया है। किसान सभा के जिला सचिव और टिब्बी आंदोलन के अगुवा नेता मंगेज चौधरी ने कहा कि यह जीत टिब्बी क्षेत्र की जनता, किसानों और आंदोलन से जुड़े हर व्यक्ति की है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार लाठी और गोली के दम पर फैक्ट्री लगाना चाहती थी, लेकिन जनता के संघर्ष के आगे फैक्ट्री प्रबंधन को पीछे हटना पड़ा।

## मोदी सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चलाया: सोनिया



**नई दिल्ली, जेएनएन।** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल यानी 'वीबी-जी राम जी' के लोकसभा और राज्यसभा से पास होने के दो दिन बाद कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा- सरकार ने जरूरतमंदों को रोजगार देने वाले मनरेगा पर बुलडोजर चलाया है। सोनिया ने वीडियो जारी कर कहा-अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। उन्होंने कहा, 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला था। पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की, जबकि कोविड के वक्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया गया, बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरूप बिना विचार-विमर्श किए, बिना किसी से सलाह-मशवरा किए, बिना विपक्ष को विश्वास में लिए मनमाने ढंग से बदल दिया गया। अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी।

### शिक्षक भर्ती: उम्मीदवारों के दस्तावेजों का करें परीक्षण

**जागरण, जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया से जुड़े पूर्व आदेश का पालन नहीं करने को सख्ती से लिया। हाईकोर्ट ने विभाग को स्पष्ट आदेश दिए कि याचिकाकर्ता उम्मीदवारों के दस्तावेज परीक्षण कराए जाएं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ छह जनवरी को अगली सुनवाई करेगी। मामला स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत दस हजार शिक्षक पदों की भर्ती से जुड़ा है। विदिशा निवासी आशय खरे एवं अन्य की ओर से यह मामला दायर किया है, जिनकी ओर से अधिवक्ता आर्यन उरमलिया ने पक्ष रखा।

## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में हुआ भव्य दीक्षांत समारोह

### 5 विभूतियों को मिली मानक उपाधि



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में शनिवार 20 दिसंबर को शिक्षा और गौरव का उत्सव देखने को मिला। कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में चौथे दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जहां छात्र-छात्राओं के सपनों को नई उड़ान मिली। दीक्षांत समारोह में कर्नाटक राज्य के राज्यपाल थवारचंद गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और भाजपा राष्ट्रीय महा सचिव अरुण सिंह भी बतौर विशेष अतिथि मौजूद रहे। मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री कृष्णा गौर, भोपाल की हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा, एमपी प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमिशन के प्रेसिडेंट डॉ खेम सिंह डहरिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अंडरग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट समेत 835 और एचडी के 29 छात्र छात्राओं ने डिग्री प्राप्त की। वहीं 34 गोल्ड मैडल और 1 मेमोरल मेडल भी दिया गया। समारोह के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पांच व्यक्तियों को मानक उपाधि से सम्मानित किया गया जिसमें सतीश मालवीय राजनीतिज्ञ, दीपक जायसवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन, मनोज कुमार पांडेय दिव्यांगजन पुनर्वास विशेषज्ञ, ब्रह्मऋषि सच्चिदानंद स्वामी आध्यात्मिक युग और रवीश रोशन डायरेक्टर केगर शामिल हैं।

**अच्छे मनुष्य के साथ समाज के हर क्षेत्र में अच्छा ही होता है: जय नारायण चौकसे :** यूनिवर्सिटी के चांसलर जय नारायण चौकसे ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा, ज्ञान का कोई अंत नहीं होता। जीवन में कुछ पाने के लिए हमेशा मन में इच्छा रखनी चाहिए। आप अच्छे मनुष्य बनें, क्योंकि अच्छे मनुष्य के साथ समाज के हर क्षेत्र में अच्छा ही होता है। उन्होंने फैकल्टी सदस्यों और अभिभावकों की भूमिका को भी सराहते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग के बिना छात्रों की यह सफलता संभव नहीं थी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एलएनसीटी ग्रुप भविष्य में शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा। संबोधन के अंत में उन्होंने सभी डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, बड़े सपने देखें और उन्हें साकार करने का साहस रखें।

**शिक्षा का वास्तविक अर्थ समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना: डॉ अनुपम चौकसे :** एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ. अनुपम चौकसे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। अपने संबोधन में डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि यह उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एलएनसीटी ग्रुप का लक्ष्य केवल डिग्रियां बांटना नहीं, बल्कि ऐसे युवा तैयार करना है जो समाज के लिए उपयोगी, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। डॉ. चौकसे ने कहा कि आज के समय में शिक्षा का वास्तविक अर्थ समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना है। छात्र जिस भी क्षेत्र में जाएं, वहां अपनी योग्यता, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों से पहचान बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और बदलते समय के साथ खुद को अपडेट रखने की सलाह दी।

**छात्र-छात्राओं को दिलाई गई दीक्षांत प्रतिज्ञा :** यूनिवर्सिटी के कुलपति ने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को दीक्षांत प्रतिज्ञा दिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस विशेष अवसर पर एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ. अनुपम चौकसे, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर धर्मेंद्र गुप्ता, वाइस चेयरपर्सन पूनम चौकसे, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ श्वेता अनुपम चौकसे, पूजा चौकसे वी सी एन के थापक सहित सभी विभागों के डीन, डायरेक्टर्स और सीनियर फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे।

### केंद्र का दावा — एयरपोर्ट्स पर बिजली और ऊर्जा की जरूरतें स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल स्रोतों से की जा रही पूरी

# देश के 93 एयरपोर्ट 100% स्वच्छ ऊर्जा पर संचालित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के 93 हवाई अड्डे अब 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका मतलब है कि इन एयरपोर्ट्स पर बिजली और ऊर्जा की जरूरतें स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल स्रोतों से पूरी की जा रही हैं। यह जानकारी सरकार की ओर से शुक्रवार को दी गई। सरकार 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत भारत में विमानों और उनसे जुड़े उपकरणों के निर्माण को भी प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए जीएसटी दरों में सुधार, रॉयल्टी समाप्त करना, विदेशी पायलटों और तकनीकी स्टाफ के लिए वीजा नियमों को सरल बनाना और मरम्मत के लिए आयात किए गए उपकरणों पर नियमों में छूट जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।



### मौजूदा एयरपोर्ट्स का विकास 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में सहायक

उन्होंने कहा कि नए और मौजूदा एयरपोर्ट्स का विकास 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में सहायक होगा। इससे दूर-दराज के इलाकों को देश और दुनिया से जोड़ा जा सकेगा, पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, लॉजिस्टिक्स मजबूत होगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

#### ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट नीति तैयार

मंत्री ने बताया कि सरकार ने देशभर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट नीति तैयार की है। इसके तहत यदि कोई राज्य सरकार या निजी कंपनी नया एयरपोर्ट विकसित करना चाहती है, तो उसे नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) को प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

#### ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों से कनेक्टिविटी में सुधार

मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसे प्रमुख ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों से कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इससे आसपास के क्षेत्रों में उद्योग, शहरी विकास और निवेश को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और लॉजिस्टिक्स हब के विकास में भी मदद मिलेगी।

#### दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु एयरपोर्ट अब कार्बन न्यूट्रल बने

नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में बताया कि दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु एयरपोर्ट्स ने कार्बन उत्सर्जन कम करने का सर्वोच्च स्तर (लेवल-5) हासिल कर लिया है। एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल के अनुसार, ये एयरपोर्ट अब कार्बन न्यूट्रल बन चुके हैं, यानी इनसे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गैसों का उत्सर्जन लगभग न के बराबर है।

#### अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल को बढ़ावा देने की योजना

सरकार ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) को बढ़ावा देने की योजना भी बनाई है। इसके तहत सामान्य विमान ईंधन में वर्ष 2027 तक 1 प्रतिशत, 2028 तक 2 प्रतिशत और 2030 तक 5 प्रतिशत ग्रीन फ्यूल मिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

### टीआई पर आदिवासी युवक से मारपीट का आरोप

**जागरण, श्योपुर।** जिले के अगरा थाना प्रभारी सुमेर धाकड़ पर आदिवासी युवक के साथ मारपीट करने और जबरन हथकड़ी लगाने का आरोप लगा है। इसे लेकर अगरा थाना क्षेत्र में शनिवार को तनाव की स्थिति बन गई, जब आदिवासी समाज के लोगों ने थाने के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक लोगों ने धरना दिया। एसडीओपी राघवेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि अगरा थाना प्रभारी (उप-निरीक्षक) सुमेर धाकड़ हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया है। मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विजयपुर एसडीओपी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो जांच कर अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। अगरा थाना क्षेत्र के मेवपुरा निवासी रामकिर आदिवासी को पुलिस ने चोरी के संदेह में पकड़ा और मारपीट की गई और इसके बाद शाम पांच बजे बाद छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस उसे थाने ले जाने से पहले एक पेड़ से बांधकर पीटती रही।

# विश्व ध्यान दिवस पर पूरे मध्यप्रदेश के थानों में एक साथ आयोजित हुआ हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम

## तीन दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान शिविर के माध्यम से मध्यप्रदेश पुलिस ने दिया तनावमुक्त जीवन का संदेश

### विश्व ध्यान दिवस पर सिंगरौली पुलिस ने तीन दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम का सफल आयोजन



**जागरण, वैढ़न**

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा के नेतृत्व में सिंगरौली जिले के समस्त अनुभागों थाना स्तर एवं निर्धारित स्थलों पर साप्ताहिक हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम का सुव्यवस्थित एवं व्यापक आयोजन किया गयाए जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर तनावमुक्ति एवं ध्यान केंद्र कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक साथ सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के समस्त थानों में आयोजित किया गयाए जिसमें सिंगरौली जिला भी सक्रिय रूप से सहभागी रहा। कार्यक्रम का आयोजन तीन दिनों तक निरंतर किया गया जो पुलिस विभाग के लिए एक सराहनीय एवं ऐतिहासिक पहल रही। हार्टफुलनेस ध्यान सत्र के दौरान प्रतिभागियों को हृदय पर ध्यान केंद्रित कर मानसिक शांति प्राप्त करने तनाव एवं मानसिक दबाव से मुक्ति आत्म.संतुलन भावनात्मक स्थिरता तथा सकारात्मक सोच विकसित करने के व्यावहारिक अभ्यास कराए गए। सत्र में यह भी बताया गया कि नियमित ध्यान अभ्यास से एकाग्रता निर्णय क्षमता धैर्य संवेदनशीलता एवं कार्य.कुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है जिससे पुलिसकर्मी तनावपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी संयम विवेक एवं मानवीय संवेदना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकते हैं। हार्टफुलनेस पद्धति के अंतर्गत ध्यान प्रार्थना स्वच्छ मनन एवं आत्म.निरीक्षण जैसे अभ्यासों के माध्यम से आंतरिक शांति एवं मानसिक स्पष्टता प्राप्त होती है जो पुलिस जैसे अत्यधिक दबाव वाले सेवा क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना तनावमुक्त एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना तथा जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। यह ध्यान कार्यक्रम एल.के. सिंह जोनल कोऑर्डिनेटर जयभगवान मित्तल श्रीमती रेवती सच्चिनंद सिंह एवं अशोक तिवारी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संपन्न कराया गया जिनके सतत प्रयासों से हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का सफल आयोजन संभव हो सका। इनके द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ध्यान अभ्यास के माध्यम से मानसिक शांति तनाव प्रबंधन एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में सिंगरौली पुलिस द्वारा विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों के आंतरिक संतुलन एवं तनावमुक्त जीवन को दृष्टिगत रखते हुए तीन दिवसीय ध्यान योग शिविर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शिविर में पुलिसकर्मियों के साथ.साथ उनके परिवारजनों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई। उक्त कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पी.एस. परस्ते एसडीओपी चितरंगी राहुल कुमार सैयाम थाना प्रभारी विंध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान थाना प्रभारी यातायात दीपेन्द्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी सरई जितेन्द्र भदौरिया सूबेदार आशीष तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सिंगरौली पुलिस द्वारा भविष्य में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समग्र कल्याण मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं कार्य.क्षमता वृद्धि हेतु इस प्रकार के ध्यानए योग एवं अन्य कल्याणकारी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की योजना है।

# राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**जागरण, पन्ना ।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत जिले में रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों को कम करने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रमंडल सदस्य संजीव खरे के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से चयनित 41 कृषि सखियों ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। विशेषज्ञों ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जैविक और प्राकृतिक खेती के सूक्ष्म अंतर को समझाया और बताया कि कैसे ये सखियां अगले तीन वर्षों तक किसानों को एक एकड़ जमीन पर प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करेंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती के मुख्य स्तंभों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाने के लिए जीवामृत और घनजीवामृत के निर्माण एवं उपयोग करने की वैज्ञानिक विधि सिखाई गई। साथ ही बीजामृत से बीज उपचार के जरिए फसलों को रोग एवं कीट व्याधि से बचाव एवं अंकुरण क्षमता में वृद्धि कर फसल उत्पादन करने की तकनीक बताई गई। आच्छादन एवं वापसा जैसे महत्वपूर्ण घटकों पर विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि मृदा में नमी संरक्षण, कार्बनिक कार्बन एवं केचुओं की संख्या में वृद्धि तथा कम सिंचाई में फसल उत्पादन कर सकें। प्रशिक्षुओं को फसल विविधीकरण को अपनाने एवं प्राकृतिक खेती विधि को आम लोगों तक पहुंचाने की सलाह दी गई, जिससे किसानों को आर्थिक संबल के साथ साथ बेहतर उत्पादन एवं सुनिश्चित आय प्राप्त हो सके। पशुपालन में टीकाकरण, संतुलित पोषण एवं कृत्रिम गर्भाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मृदा परीक्षण के महत्व एवं मृदा नमूना लेने की विधियों के बारे में भी कृषि सखियों को बताया गया। प्रशिक्षुओं को फसलों को रोगों एवं कीट व्याधियों से बचाने के लिए प्राकृतिक कीटनाशकों ब्रम्हास्त्र, अग्निअस्त्र और नीमास्त्र के निर्माण पर जोर दिया गया, जो कृषकों के प्रक्षेत्र पर आसानी से तैयार किए जा सकते हैं एवं रासायनिक कीट नियंत्रण की तुलना में आर्थिक एवं पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर रूप से कारगर हैं। इस कार्यक्रम में सखियों को प्राकृतिक विधि से सब्जी, फल एवं फूल की खेती करने पर विशेष सलाह भी दी गई। प्रशिक्षण के समापन सत्र में कृषि सखियों के प्राकृतिक खेती से संबंधित शंकाओं को दूर किया गया। साथ ही उनके द्वारा प्रशिक्षण के अनुभव भी साझा किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और अपने क्षेत्रों में जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। समापन कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पी.एन. त्रिपाठी, तरुण पाठक, नोडल अधिकारी डॉ. रितेश जायसवाल, वैज्ञानिक डॉ. आर.पी. सिंह, रितेश बगोरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जयचंद लोधी, देशराज प्रजापति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर.पी. सिंह द्वारा किया गया।

# जन सेवा एवं पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया जाए : गोमे

## ग्राम पंचायतों में किया गया सुशासन सप्ताह का आयोजन



**जागरण, वैढ़न।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 19 से 24 दिसंबर के मध्य सुशासन सप्ताह प्रशासन गाँव की ओर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं की अंतिम छोर तक प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता को सुदृढ़ करना है। कलेक्टर गौरव बैनल ने प्रशासन गांव की ओर अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोमे को नोडल अधिकारी तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अभियान के दौरान तहसील जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में जनशिकायतों का मौके पर ही पंजीयन कर यथासंभव निराकरण किया जाएगा। जारी कार्यक्रम अनुसार आज खटखरी देवरी रेही मिसिरवां बकिया जोबगढ़ जोगयनी शिवपुरवा नौगई तथा अन्य ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए गए।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी शहर का कड़ा विरोध



**जागरण, सिंगरौली।** महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण किए जाने के केंद्र सरकार के निर्णय के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी शहर का स्पष्ट मत है कि मौजूदा भाजपा सरकार महात्मा गाँधी जी के नाम और उनके विचारों से वैचारिक चिढ़ के चलते देश की सबसे सफल और जनकल्याणकारी योजना का नाम बदल रही है। मनरेगा स्वतंत्र भारत की उन ऐतिहासिक योजनाओं में से एक है, जिसने ग्रामीण गरीबों, मज़दूरों और ज़रूरतमंदों को रोजगार पाने का कानूनी अधिकार प्रदान किया। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार बेतुके और तथ्यहीन तर्कों के आधार पर इस योजना को बदनाम कर रही है तथा नए नाम और प्रावधानों के माध्यम से जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। सरकार द्वारा किए जा रहे दावे और वादे पूरी तरह काल्पनिक हैं और उनका ज़मीनी हकीकत से कोई संबंध नहीं है। प्रस्तावित बदलाव से किसी को लाभ नहीं, बल्कि इससे गरीब और मज़दूर वर्ग को नुकसान ही होगा।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि गरीब और मज़दूर के सम्मान व अधिकार की गारंटी है। भाजपा सरकार महात्मा गाँधी जी के नाम से चिढ़ के कारण इस योजना की पहचान मिटाना चाहती है। नाम बदलने से न रोजगार बढ़ेगा और न ही जनता की समस्याएँ हल होंगी। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार अपनी आर्थिक नाकामी और कमजोर वित्तीय स्थिति का बोझ राज्य सरकारों पर डाल रही है। मनरेगा को कमजोर करने की यह साजिश कांग्रेस कभी सफल नहीं होने देगी।

जिला कांग्रेस कमेटी शहर ने स्पष्ट किया कि मनरेगा के नाम एवं स्वरूप से छेड़छाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी और इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर आंदोलन करेगी। उक्त विरोध मे रामअशोक शर्मा, मधु शर्मा, रुपेश पाण्डेय, रविंद्र द्विवेदी, अमित द्विवेदी, सुरेश दुबे, कृष्णा सिंह परिहार, शालिनी श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह, मसूद राजा, शाहिद खान, कृष्णा शाह, सूबेदार सिंह, पुष्पा सिंह, रीना देवी, विवेक सिंह बघेल, विनीता कुशवाहा, अशोक सोनी, साजिद हुसैन, पीम शाह, रामकुमार शाह, हरिकमल शुक्ला, सुरेश अग्निहोत्री, पंकज सिंह, रमेश कुशवाहा, अजय सिंह, सौरभ सिंह, राणा सिंह, मोनू सिंह सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके ने प्रेस वार्ता को किया संबोधित

## प्रदेश सरकार द्वारा दो वर्ष के उपलब्धियो के साथ साथ जिले के उपलब्धियो के बारे में दी जानकारी




**जागरण, सिंगरौली।** लोक स्वास्थ्य यात्रिकी मंत्री तथा सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर संवाद किया। प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय सिंगरौली द्वारा आयोजित की गई इस पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री द्वारा हर वर्ग के लिए संचालित योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। साथ ही पत्रकारो के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। प्रभारी मंत्री ने सिंगरौली जिले की दो वर्ष की उपलब्धियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

प्रभारी मंत्री श्रीमती उईके ने मीडिया प्रतिनिधियों को वर्तमान सरकार द्वारा प्रदेश के लिए किए गए प्रयासों, योजनाओं, उपलब्धियों, उल्लेखनीय नवाचार, अधोसंरचना विकास, सामाजिक क्षेत्र में उपलब्धि तथा अन्य कार्यों से अवगत कराया। इसके अलावा निवेश की नई नीतियों, गरीब कल्याण मिशन, महिला सशक्तिकरण, कृषक व युवा हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन सहित स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में अर्जित उल्लेखनीय उपलब्धि तथा भविष्य की कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों ने जिले के अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संबंध में भी प्रभारी मंत्री का ध्यानाकर्षण कराया तथा अपने सुझाव भी दिए। प्रेस वर्ता के दौरान राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकस विभाग श्रीमती राधा सिंह,सिंगरौली विधानसभा के विधायक श्री राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक श्री राजेन्द्र मेश्राम, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह उपस्थित रहे।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का विशाल धरना, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## श्रमिकों व किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार को घेरा

**जागरण, पन्ना ।** भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय स्थित गांधी चौक पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के जिलाध्यक्ष अनीश खान ने किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करने, संघीय जिम्मेदारियों को समाप्त करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। प्रमुख रूप से उपस्थित जनों में जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के जिलाध्यक्ष अनीश खान, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व विधायक महेंद्र बागरी, पूर्व प्रत्याशी शिवजीत सिंह भैया राजा, पूर्व प्रत्याशी जीवनलाल सिद्धार्थ, राजेश तिवारी, मुरारी लाल थापक, मनीष मिश्रा, पुरुषोत्तम जड़िया, मार्तंड देव बुंदेला, आनंद शुक्ला, भभूत सिंह राजपूत, रामबहादुर द्विवेदी, राजबहादुर पटेल, जितेंद्र जाटव, कदीर खान, जन्मजय अरजरिया, शिवप्रकाश दीक्षित, दीपक तिवारी, सौरभ पटेरिया, सुनील अवस्थी, सेवालाल पटेल, श्रीमती रमा बुंदेला, जगदीश यादव, रामबहोरी लोधी, मिलन कुशवाहा, बबलू गौतम, सौरभ दुबे, सुरेंद्र नामदेव, छबिलाल चौधरी, श्रीमती रहीमा खातून, श्रीमती राधा चौधरी, श्रीमती गीता वंशकार, केशरी अहिरवार, जवाहर पटेल, जयकुमार कुशवाहा, अजीत कुशवाहा, प्रहलाद यादव, सरदार सिंह यादव, रविंद्र मिश्रा, आशीष बागरी, नृपेंद्र सिंह, शुभम रजक, अंकित शर्मा, अमित शर्मा, हसीब खान, रवि यादव, राजाजी बुंदेला, अजय पाल लोधी, राजेश द्विवेदी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, रियासत खान, आमिर खान, राजा बाबू पटेल, नरेंद्र विश्वकर्मा, दीपेंद्र यादव, वेदांत मिश्रा, मुख्तियार बेग, पूरन लाल शर्मा, भगवान दास साहू, चंद्रभान लोधी, बृजेंद्र यादव, ऋषभ गर्ग, वसीम खान, फैज मोहम्मद, फैयाज मोहम्मद, इमरान राइन, विक्रम सिंह, पेशनी अहिरवार, मैकूलाल अहिरवार, उद्रेशी प्रसाद लोधी, जीतू यादव, यूनुस खान, अभिषेक चौरसिया एवं मुन्नीलाल वंशकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसानों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रही।

# नगर निगम की लापरवाही से जुड़वा तालाब पार्क में अंधेरे में टहल रहे हैं लोंग : राजेश सोनी

## जहरीले सांप बिच्छुओं के काटने से कभी भी घट सकती है बड़ी घटना



**जागरण, वैढ़न।** नगर निगम की लापरवाही से जुड़वा तालाब पार्क में अंधेरे में लोंग टहल रहे हैं आम आदमी पार्टी सिंगरौली के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश सोनी ने जारी बयान मे कहा कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के द्वारा निर्माण जुड़वा तालाब पार्क में कई क्षेत्र में आज भी अंधेरा है जिसमें नगर के लोग अंधेरे में टहलने के लिए मजबूर है राजेश सोनी ने कहा कि जुड़वा तालाब पार्क के निर्माण से पहले उसे क्षेत्र में कई जहरीले सर्प और बिच्छू देखे जाते थे कई बार टहलने वाले लोगों का सामना जहरीले सांपों से हुआ है नगर निगम की लापरवाही की वजह से किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है नगर निगम क्षेत्र की जनता यदि टैक्स देती है तो नगर निगम की ये जिम्मेदारी बनती है कि जनता की सुरक्षा का ध्यान दिया जाए लेकिन यह बात किसी से छुपा नही है कि नगर निगम के जिम्मेदार कही न कही अपने निजी स्वार्थ को साधने में लीन हैं नगर निगम के जिम्मेदारो को अपनी निजी स्वार्थ को छोड़कर नगर की जनता के ऊपर ध्यान देना चाहिए जिस तरह से जनता के टैक्स के कई करोड़ रुपये इस पार्क के निर्माण में खर्च किये गए लेकिन आज तक इस पार्क में जनता के लिए उचित सुविधाएं मुहैया नही हो पाया है नगर की जनता अपने टैक्स में दिए हुए पैसे का हिसाब जानना चाहती है।

# उर्जा एवं विद्युतीकरण जिले के विकास की महत्वपूर्ण नींव है इसे हर घर तक पहुंचाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य : सम्पतिया

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित



**जागरण, वैढ़न।** मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग एवं सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके के अध्यक्षता में एवं राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती राधा सिंह सिंगरौली विधान सभा के विधायक राम निवास शाह देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम सिहावल विधानसभा के विधायक विश्वामित्र पाठक जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय कलेक्टर गौरव बैनल पुलिस अधीक्षक मनीश खत्री जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोम भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह सहित समिति के सदस्यो के उपस्थिति में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने समिति के सदस्यो को अपनी शुभकामनाए देते हुयें अवगत कराया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मशानुसार 2047 में प्रदेश की संरचना कैसी हो उसके संबंध में अलग अलग क्षेत्र जिन में व्यापार समाजसेवी प्रौद्योगिकी आदि वर्गो के प्रतिनिधियों को शामिल कर जिला विकास सलहकार समिति का गठन किया गया है। इस समिति का मुख्य उद्देश्य जिले के सम्पूर्ण विकास हेतु सभी महत्वपूर्ण विंदुओ पर अपना सुझाव देना है ताकि जिले का विकास तैयार किए गयें विजन 2047 के अनुसार हो सके। बैठक के प्रांरभ में कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा प्रभारी मंत्री सहित समिति के सदस्यो का स्वागत करते हुयें विजन भारत 2047 के मुकामो को हासिल करने में सिंगरौली जिला किस प्रकार अपना योगदान देगा इस संबंध में प्रभारी मंत्री सहित उपस्थित समिति के सदस्यों को जिले के विकास हेतु अधोसंरचना उद्योग स्वरोजगार स्वास्थ्य नगरीय विकास ग्रामीण विकास शिक्षा एवं कौशल के महत्वपूर्ण पहलुओ के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रभारी मंत्री ने समिति द्वारा प्रस्तावित सभी सुझावो से अवगत होने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री सडक योजना अंतर्गत 250 से अधिक आबादी वाले ऐसे ग्रामो को जिनमें जिन में पहुच मार्ग की आवश्यकता हो उन्हे विधानसभावार चिन्हित कर समिति अपने विधायको के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करे ताकि ग्रामो में सुगम आवागमन हेतु पहुच मार्ग उपलंब्ध कराया जा सके। उन्होने कहा कि जिले में सिचिंत भूमि के क्षेत्रफल को बढ़ाये जाने की आवश्यकता है जिसके लिए लघु एवं मध्यम सिचाई परियोजनाओ को शीघ्र ही संचालित किया जाये। इसकी साथ ही इन परियोजनाओ के सर्वे में छूटे हुयें क्षेत्रो को चिन्हित कर समिति प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करे। उन्होने कहा कि उर्जा एवं विद्युतीकरण जिले के विकास की महत्वपूर्ण नीव है इसे हर घर तक पहुचना हमारा प्राथमिक कर्तव्य बनता है अतः विद्युतीकरण से वंचित दूरस्थ मझरे टोलो को चिन्हित कर उन क्षेत्र में विद्युतीकरण किया जाना सुनिश्चित करे। नवीन उर्जा के स्त्रोत जैसे सौर उर्जा को विभिन्न सरकारी योजनाओ के माध्यम से किसानो तक पहुचाया जायें। जिसके लिए प्रचार प्रसार कर जागरूक करे। प्रभारी ने उद्योग एवं रोंजगार के विंदुओ पर चर्चा करते कहा कि उद्योगीकरण हेतु एमपीआईडीसी निर्धारित किए गए औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगो के लिए जमीन आवंटन किया जायें। साथ ही देवसर एवं चितरंगी क्षेत्रांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र विकशित करने हेतु प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए जायें। उन्होने कहा कि जिलें में सभी वर्गो में सहकारी समितियों का गठन किया जायें ताकि वित्त सहकारिता दुग्ध उत्पादन मछली पालन जैसे महत्वपूर्ण व्यावसयो को बढ़ावा दिया जाकर जिलें के आर्थिक विकास में वृद्धि की जा सके। साथ ही यह सुनिश्चित करे कि इन समितियों कार्यो में एकरूपता रखी जायें। उन्होने कहा कि सिंगरौली जिलें में आजीविका मिशन के माध्यम से 28 हजार 947 लखपति दीदीयों को स्वरोजगार दिया जा रहा है जो सराहनीय पहल है। हमे प्रयास करना होगा कि सिंगरौली जिले के विशेषता अनुसार आजीविका समूहो को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाये। जिसमें कोदी कुटकी उत्पाद को बढ़ावा देते हुयें दीदी कैफे के माध्यम से आजीविका समूह से जुड़ी महिलाओ को रोजगार मिल सके। जिले मे रोजगार को बड़ाने हेतु प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में संचालित सभी आईटीआई कम्पनियों से समन्वय कर कम्पनियो द्वारा उनके आवश्यकता अनुसार छात्रो में कौशल विकास कर रोजगार उपलंब्ध करायें। प्रभारी मंत्री इको टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु कहा कि जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलो को चिन्हित कर उनका समुचित विकास किया जाना सुनिश्चित करे। बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मख्यमंत्री डा.मोहन यादव के मार्गदर्शन में सिंगरौली जिले में विगत दो वर्षो में कई विकास कार्यो को मूर्त रूप दिया गया है जिसमें परसौना से माड़ा फोरलेन सड़क निर्माण तथा बरगवा से परसौना फोरलेन सड़क निर्माण सीधी टिकरी से सरई रजमिलान मार्ग चितरंगी से चितावल तमई झरकाटा बरवाडीह घोरवाल मार्ग उत्तर प्रदेश सीमा तक के मार्ग प्रस्तावित है। जिले को मेडिकल कालेज माईनिंग कालेज पी.जी कालेज सिंगरौलिया हवाई पट्टी को हवाई अड्डा के रूप में विकशित किए जाने के साथ साथ सिंगरौली जिलें में दो वृहद एवं दो लघु सिचाई योजना का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत जिले का कुल सिचाई क्षेत्र 7 प्रतिशत से बढ़कर 51 प्रतिशत हो जायेगा। इसके अलावा भी जिले के अन्य विकास कार्यो की स्वीकृती प्रदान की गई है। बैठक के दौरान समिति के सदस्य एवं जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण
रीवा, 22 दिसम्बर, 2025 सतना जागरण www.dainikjagranmpcg.com


## रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य मंत्री और सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक 22 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के उपरांत आयोजित की गई है।

## सुशासन दिवस की शपथ 24 दिसंबर को प्रातः 11 बजे

**सतना।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुये उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिवस पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। अपर कलेक्टर विकास सिंह ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है।

New Dr. Juneja's Roop Mantra
Ayurvedic Face Cream & Face Washes
No.1 Brand India 2014
India's Most Trusted Brand
Clinically Tested
सुंदर Skin का मंत्रा
आयुर्वेदिक क्रीम रूप मंत्रा
Scars • Wrinkles • Pimples • Dull Skin
24x7 Helpline: 87259 66666 • www.roopmantra.com • Available at all medical & general stores

# पीडब्ल्यूडी का घटिया सड़क निर्माण, राज्यमंत्री ने टेंडर निरस्त करने दिये निर्देश

**जागरण सतना**



रविवार को मध्यप्रदेश शासन की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रैगांव क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई जा रही डामरी कृत सडक का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता की पोल खोल दी है। हालात ये थे कि राज्यमंत्री ने नव निर्मित सडक पर पैर मारा तो गिट्टी और डामर बिखर गये। सूत्र बताते है कि मौके से ही राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन यंत्री को फोन कर न सिर्फ जांच के निर्देश दिये बल्कि यह भी कहा कि इस घटिया निर्माण का टेंडर तुंरत निरस्त किया जाये। मंत्री प्रतिमा बागरी ने बताया कि सडक निर्माण का यह कार्य संविदाकार राजेश कैला द्वारा कराया जा रहा है।

### ये है मामला

सरकारी निर्माण कार्यों में संविदाकार और अधिकारियों की मिलीभगत से किस तरह गुणवत्ता से समझौता किया जाता है इसका ताज़ा उदाहरण कोठी तहसील में देखने को मिला। कोठी नैना मार्ग के नवीनीकरण के नाम पर खानापूर्ति की जा रही थी जिसकी पोल रविवार को औचक निरीक्षण में खुल गई। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी जब निरीक्षण के लिए पहुंचीं तो सड़क की हालत देख विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए। इस दौरान ग्रामीणो ने घटिया स्तर की बनाई जा रही डामरी कृत सडक की शिकायत भी राज्यमंत्री से की थी जिसके बाद उन्होने पैदल चलकर नव निर्मित सड़क का निरीक्षण किया है।



संविदाकार द्वारा किये गये घटिया निर्माण को निरस्त करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन यंत्री को दिये गिये है। इतना ही नही कार्य को मानिटर करने वाले इंजीनियरों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। यह डॉ मोहन यादव की सरकार है यहां पर इस तरह के घटिया निर्माण नही चलेगें। यदि ईई ने संविदाकार राजेश कैला और इंजीनियरो पर कार्यवाही नही तो विभागीय मंत्री को यह मामला भेजा जायेगा।

**प्रतिमा बागरी राज्यमंत्री म.प्र.शासन**

# ई-अटेंडेंस के विरोध और वरिष्ठता बहाली को लेकर शिक्षकों का जोरदार प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन



**जागरण सतना।** राज्य शिक्षक संघ के बैनर तले रविवार को जिले के हजारों शिक्षक स्थानीय सिविल लाइन चौपाटी के पास एकत्रित हुए और निजी ऐप आधारित ई.अटेंडेंस प्रणाली नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत शिक्षकों ने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।यह प्रदर्शन राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित प्रांतव्यापी आंदोलन का हिस्सा था। उल्लेखनीय है कि भीषण ठंड और कोहरे के बाद भी भारी तादाद में जिले भर से शिक्षक धरने पर शामिल हुये थे। धरना स्थल पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए शैलेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि यह आंदोलन केवल ई.अटेंडेंस के विरोध तक सीमित नहीं हैए बल्कि यह शिक्षक के सम्मानए निजता और भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है।उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माता शिक्षकों पर अविश्वास जताते हुए निजी ऐप को जबरन लागू किया जा रहा है जिससे शिक्षकों के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब शिक्षकों की लोकेशन अपराधियों की तरह ट्रेस की जाएगी। श्री त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि सरकार ऐसी नीतियाँ लागू कर रही है जिनसे शिक्षा विभाग को निजी हाथों में सौंपने की मंशा स्पष्ट दिखाई देती है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक पूरी निष्ठा और तन्मयता से अपने शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं लेकिन ई.अटेंडेंस के नाम पर निजता डेटा सुरक्षा और गोपनीयता का उल्लंघन किया जा रहा है। इसके कारण शिक्षकों को अनावश्यक मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही हैए जिसका सीधा असर उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं शैक्षणिक कार्यों पर पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की तानाशाही नीतियों का राज्य शिक्षक संघ हर स्तर पर विरोध करेगा और इसी क्रम में 25 दिसंबर को भोपाल में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। वेतन संबंधी मुद्दे पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि पूरे माह में निष्ठा से दायित्व निर्वहन करने के बावजूद अनेक शिक्षकों का वेतन बिना किसी ठोस कारण के रोका गया जिसके विरुद्ध संघ ने उच्च न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटिस मिलने के बाद भी जिला प्रशासन को भ्रमित कर त्रुटिपूर्ण आदेश जारी कर वेतन रोका गया जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संघ सभी शिक्षकों का वेतन ससम्मान दिलाकर रहेगा।

# कोठी पुलिस ने पकड़ा गांजा तीन आरोपी गिरफ्तार

**जागरण सतना।** कोठी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी ने टीम के साथ गांजा पकड़ा है। इतना ही नही उन्होने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह कार्यवाही एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एवं एसडीओपी नागौद रघुकेसरी के मार्गदर्शन में की गई है। इस कार्यवाही में दो किलो 673 ग्राम गांजा जप्त किया गया है जबकि पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

**ये है विवरण :** मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर गोरड्या से कोठी तरफ आ रहा है। सूचना तस्दीक पर टीम द्वारा कोठी सिंहपुर रोड बडौर के पास रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम गांजा जप्त कर आरोपी सतेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया तथा इसी मामले मे एक अन्य आरोपी संदीप उर्फ गोरे सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा दोनो आरोपीगणो को न्यायालय पेश किया गया। एक नफर आरोपी की तलास जारी है। नाम पता आरोपीगण 1 सतेंद्र सिंह पिता उदयराज सिंह उम्र 48 वर्ष निवासी पवैया थाना कोठी जिला सतना 2 संदीप सिंह उर्फ गोरे सिंह पिता राजेश प्रताप सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी गोरड्या थाना कोठी । पुलिस ने 11 हजार रूपये कीमत का एक किलो सौ ग्राम गांजा पकड़ा है जबकि ग्राम मौहार मे एक व्यक्ति अपने घर के पीछे मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु रखे हुए है। सूचना तस्दीक पर संदेही के घर पर रेड कार्यवाही कर तलासी ली गयी तथा संतोष मिश्रा के कब्जे से 01 किलो 573 ग्राम गांजा जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया तथा इस मामले में दो नफर आरोपियो की तलास जारी है। इस कार्यवाही में पुलिस ने 15370 रूपये कीमत का एक किलो 573 ग्राम गांजा जप्त किया है।

# पिस्टल से फायर करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## कोलगवां टीआई ने की कार्यवाही



**जागरण सतना।** पिस्टल से गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले शराब ठेकेदार के गुर्गो को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह बघेल और सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कार्यवाही कर दबोच लिया है।

### ये है विवरण

19 दिसम्बर को फरियादी ने थाना में पहुचकर रिपोर्ट कराई थी कि 18 एवं 19 दिसम्बर की दरमियानी रात वह घर में सो रहा था तभी गाली गलौच की आवाज सुनकर खिडकी से बाहर देखा तो तीन गाडी खडी दिखी जिसमें से एक सफेद रंग की इनोवा एक सफेद रंग की बुलेरो एवं एक सफेद रंग की कार खड़ी थी कुछ लड़के भी खड़े थे उन्ही लड़को से एक लड़का जिसका नाम राहुल है जो बदखर दारु दुकान में काम करता है वह अपने हाथ में कट्टा जैसा लिया था जो हवा में एक फायर किया फरियादी की रिपोर्ट पर बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आर्म्स एक्ट का मामला भी दर्ज किया गया है। 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है प्रकरण के फरार चल रहे आरोपीगण राहुल पटेल पिता कैलाश पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम डोभी पुरानी बाजार मोहल्ला थाना तेदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर हाल संतोषी माता के पास किराए का कमरा थाना कोलगवाँ जिला सतना, ललित प्रजापति पिता मुन्नालाल प्रजापति उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम डोभी पुरानी बाजार मोहल्ला थाना तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर हाल संतोषी माता के पास किराए का कमरा थाना कोलगवाँ को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी राहुल पटेल से घटना में प्रयुक्त एक नग पिस्टल व एक जिन्दा कारतूस जब्त कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 40 हजार रूपये कीमत की पिस्टल और एक जिंदा कारतूस जप्त की गई है।

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना ओछी राजनीति : डॉ रश्मि सिंह



**जागरण सतना।** किसानों और मज़दूरों से सीधे जुड़ी देश की सबसे महत्वपूर्ण योजना मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का नाम हटाने के केंद्र सरकार के फैसले पर डॉ रश्मि सिंह ने कड़ी आपत्ति जताई है।उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी श्रमिक.आधारित योजना से गांधीजी का नाम हटाना सिर्फ भाजपा की ओछीए संकीर्ण और अहंकारी राजनीति का प्रतीक है। भाजपा भूल रही है कि देश की जनता सता देती भी है और सत्ता से बाहर भी कर देती है।डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय से लेकर प्रदेश स्तर तक के नेताओं में अहंकार भर गया है।उन्हें ऐसा भ्रम हो गया है कि अब जनता उन्हें हराएगी नहींए लेकिन यह उनकी सबसे बड़ी भूल है। गांधीजी का नाम हटाने का जवाब जनता लोकतांत्रिक तरीके से देगी। डॉ सिंह ने आगे कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा जैसी किसान.मजदूर हितैषी योजना से गांधी जी का नाम हटाना न केवल राष्ट्रपिता का अपमान है बल्कि गरीब.किसान.मजदूर वर्ग की मेहनत का भी अपमान है। उन्होंने दावा किया कि 2028 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा के इस घमंड का जवाब देगी और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।



सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान एवं कोलगवां टीआई सुदीप सोनी को सम्मानित करते विंध्य चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष।

# पेयजल की बढी समस्या



**रामनगर।** नगर परिषद रामनगर अंतर्गत बरौधा क्षेत्र व लोकल पेय जल सप्लाई पाइप लाइन टूटने से कई दिनों से रामनगर बासियो की पेय जल की किल्लत बढ़ गई है,जिससे नगर बासियो को बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है उक्त सम्बन्ध में नगर परिषद के जल प्रभारी अजय द्विवेदी एने बताया कि अमला,मरम्मत व सुधार कार्यो में लगा है,कई जगह से टूट फूट होने के कारण समय लग रहा है हम लोग लगातार प्रयास कर रहे है एक दो दिनों के अंदर प्रभावित नगरीय क्षेत्र में पेय जल सप्लाई दुरस्त होगी।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
परामर्श शुल्क 300/-
मो.-7247097637
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

# 35 प्रशिक्षणार्थियों को दिये गये प्रमाण पत्र



**जागरण सतना।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सतना में 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रक्टिस्नर लघु उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सफ्लता पूर्वक संपन्न किया गया इस रोजगारमूलक प्रशिक्षण में 35 प्रशिक्षणार्थियो ने प्रतिभाग किया संस्था में प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियो को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया साथ हीकार्यक्रम का असेसमेंट रास्ट्रीय आरसेटी श्रेष्ठता केंद्र कि असेसमेंट टीम द्वारा किया गया जिसमे सभी प्रतिभागियों ने सफ्लता हासिल कि इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि एलडीएम गौतम शर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियोको बैंक से सम्बंधित जानकारी दी एवं सभी को सफ्ल होने कि शुभकामनाये प्रेषित कि साथ ही संस्थान के निदेशक समीर सुनील दत्त टोप्पो ने सभी को नववर्ष कि अग्रिम शुभकामनाओकेसाथ. साथ सभी को जीवन में सफ्लता हासिल करने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रमका संचालन संस्थान के वरिष्ठ संकाय सुखेन्द्र प्रसाद सूर्यवंशी द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम में संस्थान के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे यथा संकाय सत्य कुमार तिवारी,कार्यालय सहायक द्वय सुश्री शिवानी सिंह एवं शुभांगी खरे,अतिथि संकाय श्रीमती नीलू चौधरी, मनोज चौधरी एवं विनोद कुशवाहा उपस्थित रहे !

मिनर्वा आई.वी.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एम्ब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
दिनांकः 03,04,05 जनवरी 2026
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com